# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी


**जल रहा पूरा नेपाल**

● सुरक्षाबलों के हथियार छीने, मारपीट भी की

● बड़े संस्थानों को किया आग के हवाले

## लोकतंत्र का पर्व



जीते

सीपी राधाकृष्णन **452** वोट

बी सुदर्शन रेड्डी **300** वोट

*जीत का अंतर : 152*



हारे


| बहुमत | अवैध वोट | वोट पड़े |
|---|---|---|
| 384 | 15 | 767 |
| | बीआरएस, बीजद व शिअद ने बनाई मतदान से दूरी | इंडिया को दावे से 15 वोट कम मिले |

# सीपी राधाकृष्णन नए उपराष्ट्रपति

**पीएम नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष खरगे समेत दिग्गजों ने डाला वोट**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** उप राष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन विजयी घोषित किए गए। राधाकृष्णन को प्रथम वरीयता के 452 तथा विपक्ष के प्रत्याशी बी. सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट हासिल हुए। मतदान में निर्वाचक मंडल के कुल 781 सदस्यों में से 767 (एक डाक मतपत्र समेत) ने मतदान किया था, जिसमें 15 वोट अवैध करार दिए गए। मतदान मंगलवार सुबह 10 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे समाप्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत 760 से अधिक सांसदों ने मतदान किया। देश के 17वें उप राष्ट्रपति के चुनाव के लिए, निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में पांच सीटें रिक्त हैं) एवं 12 मनोनीत सदस्य तथा लोकसभा के 543 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में एक सीट रिक्त है) शामिल थे। निर्वाचक मंडल में कुल 788 सदस्य (वर्तमान में 781) हैं।

*(संबंधित खबर पेज 5 पर)*




सुबह 10 से शाम 5 बजे तक हुआ मतदान

■

जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को खराब सेहत का हवाला देकर दे दिया था इस्तीफा

### यह राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत : राधाकृष्णन

सी. पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति चुनाव में अपनी जीत को राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत बताया और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करने का संकल्प जताया। वहीं, विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी ने हार के बाद लिखा- मैं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में अटूट विश्वास के साथ इस परिणाम को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं।

### उम्मीद है नए उपराष्ट्रपति मूल्यों को बनाए रखेंगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- यह एक चुनाव से कहीं बढ़कर था, यह विचारधारा की लड़ाई थी। हमें उम्मीद है कि नए निर्वाचित उपराष्ट्रपति संसदीय परंपराओं के मूल्यों को बनाए रखेंगे।

### पिछली बार से 14 फीसदी ज्यादा वोट मिले : कांग्रेस

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा- उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष एकजुट रहा। हमारा प्रदर्शन सम्मानजनक रहा है। इंडिया उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को 40% वोट मिले। जबकि 2022 के उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष को 26% वोट मिले थे। अंकों में भाजपा भले जीती हो लेकिन ये उनकी नैतिक हार है। वैचारिक लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।

# प्रधानमंत्री केपी ओली भागे, पूर्व पीएम झालानाथ की पत्नी को जिंदा जलाया

*नेपाल में दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रहे। प्रदर्शनकारियों ने कई नेताओं के आवासों में तोड़फोड़ की। घरों में घुसकर नेताओं पर हमला किया और मारपीट की। कई नेताओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुए।*

*पीएम ओली, राष्ट्रपति पौडेल और गृह मंत्री के निजी आवास पर भी की तोड़फोड़*

● *प्रधानमंत्री के साथ घर में घुसकर की मारपीट*

● *वित्त मंत्री पौडेल को दौड़ा-दौड़ाकर मारा*

● *आर्मी ओली को सुरक्षित जगह पर ले गई*



**काठमांडू (भाषा)।** नेपाल में मंगलवार को दूसरे दिन भी छात्रों के नेतृत्व में सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शन जारी रहे। प्रदर्शनकारियों ने सार्वजनिक रूप से एकत्र होने पर लगे प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे की मांग की और कई नेताओं के आवासों में तोड़फोड़ की। 'जेन ज़ी' के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने राजधानी के कई हिस्सों में ''केपी चोर, देश छोड़ो'' और ''भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करो'' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने संसद, पीएम, राष्ट्रपति के निजी आवास में आग लगा दी और सुरक्षा बलों से उनके हथियार छीन लिए। उन्होंने 3 पूर्व पीएम के घर पर हमला भी बोला। पूर्व पीएम झालानाथ खनाल के घर में आग लगा दी। इसमें उनकी पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। उधर, पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के साथ उनके घर में घुसकर मारपीट की। वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया।

■ 3 पूर्व पीएम के घरों पर भी बोला हमला

*(संबंधित खबर पेज 8 पर)*

**अब तक 22 की मौत**

राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में हिंसक झड़पों और आगजनी की घटनाओं में अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है। 400 से ज्यादा लोग घायल हैं।




### 3 पुलिसकर्मियों की मौत

काठमांडू के कोटेश्वर इलाके में आंदोलन के दौरान हुए एक हमले में 3 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने पहले स्थानीय पुलिस चौकी में आग लगा दी।

### एकता बनाए रखें : सेना

नेपाल की सेना ने कहा कि देश की आजादी, एकता और लोगों की जान-माल की रक्षा हम हमेशा करते रहेंगे, चाहे हालात कितने भी मुश्किल हों। लोगों से अपील है कि वे शांति बनाएं रखें। जेन जेड के आंदोलन की घटनाओं पर सेना नजर रख रही है।

### नेपाल जाने से बचें नागरिक : भारत

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** हिंसक प्रदर्शनों की वजह से भारतीय विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को नेपाल जाने से बचने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जब तक हालात नॉर्मल न हो जाए, नेपाल जाने से बचें। साथ ही, नेपाल की लोकल अथॉरिटीज और काठमांडू में भारतीय दूतावास की सलाह का पालन करें। अगर किसी मदद की जरूरत हो, तो काठमांडू में भारतीय दूतावास के हेल्पलाइन नंबरों पर +977–980 860 2881+977–981 032 6134 पर संपर्क करें।

### पीएम मोदी ने नेपाल के हालात पर जताई चिंता

पीएम नरेंद्र मोदी ने नेपाल की घटनाक्रम पर चिंता जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि नेपाल में हिंसा हृदयविदारक है। नेपाल के सभी भाइयों और बहनों से विनम्रतापूर्वक शांति का समर्थन करने की अपील करता हूं।

### एअर इंडिया ने की दिल्ली से काठमांडू की फ्लाइट्स रद्द

एअर इंडिया ने मंगलवार को दिल्ली से काठमांडू और वापस दिल्ली आने वाली कई फ्लाइट्स रद्द कर दीं। वहीं नेपाल की राजधानी काठमांडू में त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सारी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

### 'जेन ज़ी' ने तोड़फोड़ न करने की अपील की

नेपाल में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे 'जेन ज़ी' ने युवाओं से शांत रहने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की अपील करते हैं।

### नक्खू जेल से फरार हुए 1500 कैदी

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के चेयरमैन रबि लामिछाने की रिहाई के बाद ललितपुर के नक्खू जेल से सभी कैदी बाहर निकल गए। इस जेल में लगभग 1500 कैदी बंद थे।

## खबर संक्षेप

### सीएम सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री सचिवालय और मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बम की धमकी भरे ईमेल भेजे जाने के बाद मंगलवार को सुरक्षा एजेंसियों ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। डॉग स्क्वॉड और पुलिस कर्मियों ने सीएम सचिवालय की जांच शुरू की। *एजेंसी*

### वायु प्रदूषण रोकने में इंदौर अमरावती शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में इंदौर, अमरावती और देवास मंगलवार को शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहर बनकर उभरे। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने यह जानकारी दी। दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में इंदौर पहले स्थान पर रहा, उसके बाद जबलपुर (मध्यप्रदेश) का स्थान रहा। आगरा (उत्तर प्रदेश) और सूरत (गुजरात) संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। *एजेंसी*

## 12 हजार फीट ऊंचाई पर हिमस्खलन

# सियाचिन में सेना के तीन जवान शहीद, बचाव दल काम पर जुटा

अचानक बर्फ के नीचे दबा आधार शिविर, नहीं मिला बचने का मौका

**एजेंसी ▶▶ लेह**

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में हिमस्खलन होने के कारण तीन जवान शहीद हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को 12,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन आधार शिविर क्षेत्र में हिमस्खलन हुआ, जिसमें दो अग्निवीर सहित तीन सैनिक फंस गए। अधिकारियों ने बताया कि तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया और फंसे हुए सैनिकों के शव निकाल लिए गए। हिमस्खलन ने सेना के एक पोस्ट को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे यह दुखद घटना हुई। सेना की बचाव टीमें तुरंत काम पर लग गई हैं, जो लेह और उधमपुर से मदद ले रही हैं। सेना ने अन्य जवानों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है।



## दर्ज एफआईआर को किया खारिज

### शिक्षित महिला नहीं कह सकती वह गुमराह है : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि एक शिक्षित और स्वतंत्र महिला अपनी मर्जी से एक शादीशुदा पुरुष के साथ संबंध रखती है, तो वह यह दावा नहीं कर सकती कि उसे गुमराह या शोषित किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने यह फैसला एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज एफआईआर को खारिज करते हुए सुनाया, जिस पर शादी का झांसा देकर, धोखाधड़ी और ठगी के साथ-साथ शिकायतकर्ता ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। महिला ने दावा किया था कि आरोपी ने शादी का वादा करके कई बार उसका दुष्कर्म किया और बाद में दूसरी महिला से शादी कर ली।

## मालेगांव ब्लास्ट मामला

### बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचे पीड़ित परिवार बरी करने वाले फैसले को चुनौती

**मुंबई (एजेंसी)।** मालेगांव ब्लास्ट मामले में मृतकों के छह परिजनों ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।



इन परिवारों ने विशेष एनआईए अदालत के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सात आरोपियों को बरी कर दिया गया था। यह अपील सोमवार को निसार अहमद सैयद बिलाल और अन्य ने अपने वकील मतीन शेख के जरिए दाखिल की। 29 सितंबर 2008 को हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत हुई थी।

**राहत पैकेज** पंजाब को 1600 और हिमाचल को 1500 करोड़ देने का ऐलान

# पीएम मोदी ने बाढ़ प्रभावित पंजाब व हिमाचल का किया हवाई सर्वेक्षण

*मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये का ऐलान*

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पंजाब और हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। दोनों राज्यों के लिए उन्होंने कुल 3100 करोड़ रुपये की सहायता राशि का ऐलान किया। इसके अलावा, मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

गुरदासपुर में प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों से बातचीत की। मंत्रियों व अधिकारियों के साथ बैठक के बाद उन्होंने पंजाब को 1600 करोड़ रुपये देने का ऐलान किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कुल्लू, मंडी और चंबा में हुए नुकसान का सर्वे किया। कांगड़ा में बैठक में अधिकारियों से प्रेजेंटेशन लिया और 1500 करोड़ रुपये की मदद का ऐलान किया। बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी मौजूद रहे। यहां पीएम ने 18 प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मंडी की एक साल की बच्ची नितिका को टॉफी दी और फिर उसे गोद में उठाया। नितिका के माता, पिता और दादी की 30 जून को मंडी में बादल फटने से आई बाढ़ में मौत हो गई थी।



### कुल्लू में लैंडस्लाइड, 5 की मौत, पंजाब में राहत नहीं

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में सोमवार रात लैंडस्लाइड से टूटे घर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया। वहीं, पंजाब के 23 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। उत्तर दिल्ली के पंजाबी बस्ती इलाके में सोमवार देर रात 4 मंजिला इमारत अचानक ढह गई। घटना के समय इमारत खाली थी, लेकिन कुछ वाहन मलबे में दब गए। गुजरात के अहमदाबाद में करंट की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई।


तेजी से आगे बढ़ाएं अपने मार्केट के रिटर्न को

एलआईसी इंडेक्स प्लस

UIN: 512L354V01 | Plan No.: 873



ऑनलाइन भी उपलब्ध

मार्केट रिटर्न के साथ जीवन सुरक्षा का लाभ

एक नॉन - पार, लिंक्ड़, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना

- मात्र ₹2,500/- के मासिक प्रीमियम से शुरूआत कीजिए
- दो फ़ंड्स में से चुनिए - **निफ्टी 50** (फ्लैक्सी स्मार्ट ग्रोथ फ़ंड) या **निफ्टी 100** (फ्लैक्सी ग्रोथ फ़ंड) के चुनिंदा स्टॉक्स में 100% तक निवेश
- गारंटीड एडीशन्स के साथ*

* नियम व शर्तें लागू

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

LIC/P1/2024-25/22/Hin

अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi' | हमें यहां फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

**धोखेधड़ी वाले फोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें.** आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स, पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम के अधीन होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार है.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा इंडेक्स प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

## खबर संक्षेप



### सड़कों के निर्माण व रिपेयर का होगा शुभारंभ : गंगवा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से 2 अक्तूबर, 2025 तक 'सेवा पखवाड़ा' आयोजित किया जा रहा है। इसी दिशा में प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग, शहरी स्थानीय विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और एचएसआईआईडीसी द्वारा 20 सितम्बर को पूरे प्रदेश में अपने-अपने विभागों की 75 नई सड़कों का निर्माण कार्य, पुरानी सड़क की मेजर रिपेयर के कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाएगा।

### सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के तीन उप-अधीक्षक पदोन्नत

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग मुख्यालय में कार्यरत तीन उप-अधीक्षकों को अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया है। पदोन्नत अधिकारियों में स्थापना शाखा की सुनीता पांचाल, प्रेस फेसीलिटी सहायक शाखा के कुलदीप राठी तथा लेखा शाखा के सुनील कुमार शामिल हैं।

### पंचायतों में मनाएंगे सेवा पखवाड़ा : पंवार

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025 तक चलेगा और इसका उद्देश्य ग्राम स्तर पर विकासात्मक गतिविधियों को गति देना तथा जनभागीदारी को बढ़ाना है। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने चण्डीगढ़ स्थित पंचायत भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। मंत्री ने सभी अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

### यूरापे दौरे से लौटा कृषि प्रतिनिधिमंडल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा के नेतृत्व में विधायकों और वरिष्ठ अधिकारियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 3, 4 और 5 सितंबर तक नीदरलैंड और फ्रांस का शैक्षणिक दौरा सफलतापूर्वक पूरा किया। इस यात्रा का उद्देश्य उन्नत कृषि पद्धतियों का अध्ययन करना, नवीनतम कृषि एवं बागवानी तकनीकों को समझना और अंतरराष्ट्रीय बाजार की प्रवृत्तियों को जानना था। प्रतिनिधिमंडल की यात्रा की शुरुआत 2 सितंबर को हुई, जिसमें पहला प्रमुख कार्यक्रम 3 सितंबर को नीदरलैंड के लेलिस्टैड शहर में आयोजित पोटैटो एक्सपो में भाग लेना था। मंत्री राणा ने डच आलू विशेषज्ञों से मुलाकात की।

---

मुख्य सचिव ने विभागाध्यक्षों, बोर्डों व निगमों के एमडी, मंडलायुक्तों व उपायुक्तों को पत्र जारी किया

# परियोजनाएं पूरी नहीं होने से मुख्यमंत्री गुस्साए, अब कमेटी रखेगी कार्यों पर नजर

## परियोजनाओं की समीक्षा करने के निर्देश, विलंब के कारण, जवाबदेही स्पष्ट रूप से बतानी होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में चलाई जा रही कई परियोजनाओं के पूरा होने में हो रहे विलम्ब को गम्भीरता से लेते हुए निर्देश दिए हैं कि ऐसी सभी परियोजनाओं की प्रशासनिक सचिवों के स्तर पर गहन समीक्षा की जाए। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त विभाग का दायित्व भी है, ने इस सम्बन्ध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों व निगमों के प्रबंध निदेशकों, मंडलायुक्तों तथा उपायुक्तों को एक पत्र जारी किया है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभागों या संस्थाओं की 'चल रही परियोजनाओं एवं मध्यस्थता मामलों' की व्यापक समीक्षा करें। साथ ही, विभागों को अधूरी अथवा लंबित परियोजनाओं का विवरण निर्धारित प्रपत्र में भेजने को कहा गया है, जिसमें वित्तीय प्रभाव, विलंब के कारण, जवाबदेही तथा शीघ्र पूर्णता के लिए उपाय' स्पष्ट रूप से दर्शाए जाएं। लंबित बजट घोषणाओं और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है। एक अन्य पत्र में विभागों से कहा गया है कि वे निर्माण कार्यों से संबंधित सभी लंबित मध्यस्थता मामलों का ब्यौरा भी प्रस्तुत करें। इसमें परियोजना का विवरण, ठेकेदार या एजेंसी का नाम, वित्तीय दायित्व, गत तीन वर्षों में हुए मध्यस्थता निर्णय एवं उनका राज्य पर वित्तीय प्रभाव सम्मिलित होगा। प्रत्येक विभाग को प्रशासनिक सचिव द्वारा अनुमोदित एक 'संक्षिप्त टिप्पणी' भी संलग्न करनी होगी, जिसमें विषय की गंभीरता, संभावित त्रुटियां, मुख्य चिंताएं एवं आगे की कार्ययोजना का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए।इस उद्देश्य के लिए इंजीनियर-इन-चीफ की एक समिति भी गठित की गई है, जो इन मामलों की समीक्षा कर उचित सिफारिशें देगी।

### सीएम ने माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की बैठक ली

### काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर होगा मंदिर का विस्तार



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अश्विन नवरात्रों से पूर्व श्री माता मनसा देवी मंदिर परिसर में तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 3 बड़े वातानुकूलित भंडारा हॉल का निर्माण किया जाए, जिसमें एक हॉल में कम से कम 1500 श्रद्धालु एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण कर सकें। इसके अलावा, अत्याधुनिक स्तर के रसोईघर की व्यवस्था भी की जाए और सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री, श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड अध्यक्ष हैं, आज यहां श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड, पंचकूला की 22वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा सहित बोर्ड के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। बता दें कि मंदिर पर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, जिनमें काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर होगा मंदिर का विस्तार, 108 फिट ऊंची हनुमान की मूर्ति वाली वाटिका और पार्किंग आदि भी शामिल हैं।

#### पंचकूला के धार्मिक स्थलों को जोड़ते बस सेवा शुरू की जाए

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए श्री माता मनसा देवी मंदिर, चण्डी माता मंदिर, काली माता मंदिर, मोरनी, बड़ा त्रिलोकपुर, नाडा साहिब इत्यादि स्थलों को जोड़ते हुए बस सेवा शुरू करने की योजना बनाई जाए। इससे श्रद्धालुओं को पंचकूला जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने काली माता मंदिर में कमल आकृति के भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए कहा कि इस कार्य को समय पर पूरा किया जाए।

---

पंचकूला में भाजपा की कार्यशाला

# जनता और पुलिस के बीच समन्वय बनाएगा गृह विभाग : नायब सैनी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में सेवा पखवाड़ा के दौरान किए जाने वाले कार्यक्रमों को गिनाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लगभग दो दर्जन से अधिक कार्यक्रमों को उपस्थित मंत्रियों, विधायकों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और पदाधिकारियों के सामने रखा। इस कार्यशाला में भाजपा और सरकार द्वारा आगामी दिनों में किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों को विस्तार से रखा और उनकी रूपरेखा सभी को समझाई। सैनी ने कहा कि हरियाणा का गृह विभाग प्रदेश में पुलिस और जनता के बीच संवाद कार्यक्रम करेगा ताकि जनता और पुलिस के बीच का गैप समाप्त किया जा सके।

#### पखवाड़े में प्रदेश को नशा और प्लास्टिक मुक्त बनाएंगे

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान प्रदेश को नशा मुक्त और प्लास्टिक मुक्त बनाना है। गांवों व शहरों में स्वच्छता अभियान व पौधारोपण अभियान चलेगा। इस पखवाड़े के दौरान गांव की फिरनियों को पक्का करने का निर्णय सरकार ने लिया है।

इसके अतिरिक्त गृह विभाग नशा मुक्ति और पराली ना जलाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए अभियान चलाएगा। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण विभाग भी 75 गांवों को चिन्हित कर सम्मेलन करेगा जिसमें किसानों को फसलों, बीजों और पैदावार के बारे में जागरूक किया जाएगा।

---

# युवा पीढ़ी करेगी विरासत की हिफाजत, 75 ऐतिहासिक स्थलों पर स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को भ्रमण करवाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

### हरियाणा पर्यटन विभाग चलाएगा अभियान : डॉ. शर्मा



सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन तक राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के दौरान प्रदेश का विरासत व पर्यटन विभाग विरासत की हिफाजत अभियान चलाया और विशेष कार्य योजना के तहत युवाओं, विशेषकर स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों का भ्रमण करते हुए इतिहास से जोड़ा जाएगा। अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 18 सितंबर को विरासत नगरी नारनौल से करेंगे। मंगलवार को विरासत और पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने हरियाणा सिविल सचिवालय में सेवा पखवाडा अभियान के निमित्त विरासत व पर्यटन विभाग की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक 75 ऐतिहासिक स्थलों पर कार्यक्रमों में शामिल होंगे, जहां स्कूल, कॉलेजों के विद्यार्थियों को उनके नजदीक ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करके इतिहास से रूबरू करवाया जाएगा। उन्होंने 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक प्रदेश भर में प्रस्तावित सेवा पखवाडा अभियान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

#### मुख्यमंत्री नारनौल से करेंगे शुभारंभ

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक में अलग-अलग विभागों को इस अभियान के तहत दिन निर्धारित किए गए थे। इस कडी में 18 सितंबर को विरासत की हिफाजत अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन होगा। अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बावडियों, मकबरों और महलों के लिए मशहूर नारनौल में विरासत स्मारकों के जीर्णोद्धार से शुभारंभ से करेंगे।

---

# प्रदेश में स्वदेशी मेले लगाएंगे: कृषि मंत्री

**चंडीगढ़।** कृषि, मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज प्रदेश में स्वदेशी मेलों के आयोजन को बढ़ावा देने की घोषणा की। इन मेलों में कृषि विभाग किसानों को जैविक खेती और नवीन तकनीकों की जानकारी देगा। साथ ही, सभी विभागों को शामिल कर स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन दिया जाएगा, जो देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने आज मीडिया से बात करते हुए कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान सभी विधायक और मंत्री किसानों से मिलकर रबी फसलों की तैयारियों पर विचार-विमर्श करेंगे।

#### क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 15 सितंबर तक दर्ज करें नुकसान

राणा ने किसानों को आश्वस्त किया कि हरियाणा सरकार किसानों के साथ है। किसान फसलों के नुकसान की जानकारी हरियाणा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 15 सितंबर तक दर्ज करें।

---

अभय चौटाला

# किसानों का कर्जा तुरंत माफ करे सरकार



**चंडीगढ़।** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने हरियाणा में बाढ़ आपदा पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावितों के लिए जो घोषणा की वह किसानों के साथ मजाक किया है। मृत्यु पर 4 लाख की बजाय उसके परिवार के एक युवा को सरकारी नौकरी और 50 लाख, फसल हानि पर 7000 रुपये की बजाय कम से कम 50 हजार, दुधारू पशु की हानि पर कम से कम 1.50 लाख रूपए, क्षतिग्रस्त मकान के लिए कम से कम 5 लाख रूपए दिए जाएं। सरकार तुरंत प्रभाव से किसानों का कर्जा माफ करे।

---

पूर्व मुख्यमंत्री ने की पत्रकार वार्ता

# हरियाणा को बाढ़ग्रस्त राज्य घोषित करना चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैंने खुद बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया है। आधे हरियाणा की स्थिति भयावह बनी हुई है। बावजूद इसके दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रदेश सरकार ने हरियाणा को बाढ़ प्रभावित स्टेट घोषित नहीं किया है।प्रदेश सरकार को इसे बाढ़ प्रभावित घोषित करके, केंद्र से पैकेज की मांग करनी चाहिए थी। क्योंकि राज्य के 5200 गांव बाढ़ से प्रभावित है। चौधरी उदयभान ने भी इस मांग को दोहराते हुए प्रदेश सरकार के रवैये पर नाराजगी जाहिर की। हुड्डा ने कहा कि प्रदेश की सरकार ने जिस तरह बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए मुआवजे का ऐलान किया है, वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। प्रति एकड़ मात्र 7 से 15 हजार मुआवजे के ऐलान किसानों के साथ भद्दा मजाक है, क्योंकि किसानों की खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। उन्हें प्रति एकड़ करीब 1 लाख का नुकसान हुआ है। आने वाली फसल के होने की भी उम्मीद नजर नहीं आती।

---

कुमारी सैलजा

# मुआवजे की राशी बढ़ाए हरियाणा सरकार



**चंडीगढ़।** सिरसा सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा में हाल ही में आई बाढ़ से किसानों को हुए भारी नुकसान को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस आपदा में किसानों को जो मुआवजा देने की घोषणा की है वह किसानों के साथ घोर अन्याय है के साथ-साथ उनका अपमान भी है। फसलों के नुकसान का पंजाब सरकार हरियाणा से अधिक मुआवजा दे रही है जबकि हरियाणा स्वयं को सबसे ज्यादा विकसित राज्य बताता है। सांसद ने मांग की है कि मुआवजा राशि बढ़ाई जाए। सांसद सैलजा ने कहा कि जहां पंजाब सरकार ने बाढ़ प्रभावित किसानों को 20,000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की घोषणा की है, वहीं हरियाणा सरकार केवल 7,000 से 15,000 रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा दे रही है। हरियाणा में भी मुआवजा राशि 20,000 रुपये की जाए।


## डिमांड नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, डिमांड नोटिस की तिथि के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/गारंटर(ों)/कानूनी वारिसों के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति ( अचल सम्पत्ति ) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री मोरे सिंह, श्रीमती दुलारी देवी, दुलारी एग्रीकल्चर वर्क्स, मोर कैटल डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10441077) | 28/07/2025 रु. 736722.00/- (रुपये सात लाख छत्तीस हजार सात सौ बाईस केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव मंगलोर, तहसील बिलासपुर, जिला यमुनानगर, हरियाणा, भारत-133204 में स्थित खसरा नं. 208 में निहत खेवट नं. 61, खतौनी नं. 67 में से सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1633.00, 1740.00, 1392.00 |
| श्रीमती गीता देवी, श्री इकबाल कुमार, इकबाल डेयरी फार्मिंग, गीता क्लॉथ हाउस, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10447156) | 28/07/2025 रु. 612885.00/- (रुपये छह लाख बारह हजार आठ सौ पचासी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव बलबेदा, तहसील गुहला, जिला कैथल, हरियाणा 136027 में स्थित खेवट नं. 547, खसरा नं. 663 (0-6) में से सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 540.00, 459.00, 390.00 |
| श्री सुशील, श्री रणधीर सिंह, श्रीमती सुभाष रानी, सुभाष डेयरी फार्म, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10644940) | 28/07/2025 रु. 793357.00/- (रुपये सात लाख तिरानवे हजार तीन सौ सतावन केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव बाहरी, तहसील असंध व जिला करनाल लाल डोरा के अंदर, भारत-132001 में स्थित यूआईडी/एलजीडी नं. 593540219 सहित मकान नं. 248, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 859.00, 950.00, 518.00 |
| श्री संदीप, श्रीमती आहूजा, हेयर कॉम, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10765843) | 28/07/2025 रु. 940322.04/- (रुपये नौ लाख चालीस हजार तीन सौ बाईस और पैसा चार केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : खेवट नं. 424, खतौनी नं. 617 और 621, खाता नं. 41/6066, दाधोली, आदमपुर, हिसार, भारत-125001, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1071.00, 963.90, 819.00 |
| श्री सुभाष चंद, श्रीमती पूजा देवी, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10729819) | 28/07/2025 रु. 766222.00/- (रुपये सात लाख छियासठ हजार दो सौ बाईस केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : अम्बाला, हरियाणा-134203, भारत में खेवट नं. 306, खतौनी नं. 384, खसरा नं. 29//15/11 (0-6) वाली सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Super_Built_Up _Area, Build-Up Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1633.50, 1151.30, 1691.70,1409.07 |
| श्री दारा सिंह, श्रीमती सुनीता देवी, दारा सिंह इलैक्ट्रीशियन, सुनीता मिल्क वर्क, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10575715) | 26/07/2025 रु. 844080.00/- (रुपये आठ लाख चवालीस हजार अस्सी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव बारासरी तहसील नाथूसरी चौपटा, जिला सिरसा, हरियाणा-125110, भारत में स्थित किल्ला नं. 54//17/3/5 में निहित खेवट नं. 4/10, खतौनी नं. 4/10 में से सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 3267.00, 2062.00, 1649.00 |
| श्री शमशेर सिंह, श्रीमती शिमला, शमशेर डेयरी फार्म, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10357619) | 26/07/2025 रु. 826441.00/- (रुपये आठ लाख छब्बीस हजार चार सौ इकतालीस केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव द्योढ खेडी, तहसील व जिला कैथल, हरियाणा-136027, भारत में स्थित खसरा नं. 32//11/4, 154 में निहित खेवट नं. 70, 71, खतौनी नं. 84, 85 में से सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1494.00, 1349.00, 1079.00 |
| श्री अमित कुमार, सतीश क्लॉथ हाउस, श्री संतोष रानी, श्री सतीश कुमार (प्रोस्पेक्ट नं. 951314) | 26-07-2025 रु. 779315.72/- (रुपये सात लाख उनासी हजार तीन सौ पन्द्रह और पैसा बहत्तर केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : 205, वार्ड नं. 13, राम नगर, घरौंडा, करनाल-132114, हरियाणा, भारत में से सम्पत्ति क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Super_Built_Up_Area, Carpet_Area, Built_Up_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 999.00, 995.00, 822.00, 904.00 |
| श्री जसबीर, श्रीमती मुकेश, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10720062) | 06-08-2025 रु. 1502887.00/- (रुपये पन्द्रह लाख दो हजार आठ सौ सतासी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : खेवट नं. 73, खतौनी नं. 80, किल्ले 1, खसरा नं. 202 (1-18), मौजा ग्राम-नरवाल, सब-तहसील-राजौंदा, तहसील व जिला कैथल, हरियाणा 136044, भारत में से सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1221.00, 2316.60, 1969.10 |
| श्रीमती सलोचना पत्नी स्व. श्री सतीश, सतीश मिल्क डेयरी, कोई अन्य कानूनी वारिस और/अथवा कानूनी प्रतिनिधि, यदि कोई हो, स्व. श्री सतीश के कानूनी वारिस/एड्रेसी 3 (प्रोस्पेक्ट नं. IL10732995) | 31-जुलाई-25 रु. 1,97,325.00/- (रुपये एक लाख सतानवे हजार तीन सौ पच्चीस केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : खेवट 305, देबान, निकट राजकीय विद्यालय, कैथल, हरियाणा, भारत-136027, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2700.00 |
| श्री सुधीर शर्मा, श्रीमती सोनिया, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10980555) | 28-जुलाई-25 रु. 1066166.12/- (रुपये दस लाख छियासठ हजार एक सौ छियासठ और पैसा बारह केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : तरफ इंसार पानीपत आबादी वधवा राम कॉलोनी, पानीपत तहसील व जिला पानीपत, भारत-132103 में स्थित खसरा नं. 5235 (6-3) में निहित पुराना पीपीआईडी : P03703010, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 252.00, 428.00, 363.00 |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से **शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल** 132001, /अथवा **कॉर्पोरेट कार्यालय** : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 10.09.2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में 3 अदद रोड के सुधार का प्रावधान (I) गुरूग्राम-अलवर रोड से सोहना से दोला तक कि.मी. 0.00 से 4.70 (आईडी 3084), (II) गुरूग्राम-अलवर रोड से गढी बाजिदपुर से स्कूल बिल्डिंग तक कि.मी. 0.00 से 3.970 (3110), (III) सोहना से सांपकी नांगली (रोड आईडी 3085) (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | बंद होने की तिथि 15.09.2025 | 375.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1- gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | लघु सचिवालय कॉलोनी, हिसार में रेवेन्यू कॉलोनी का निर्माण (5 अदद लिफ्टों का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 08.09.2025 17.09.2025 | 293.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में कि.मी. 258.33 से 258.44 (एलएचएस) और 258.90 से 258.94 (एलएचएस) में नगर परिषद, सिरसा द्वारा एनएच (निकट चतरगढ़ पट्टी फाटक) के आंतरिक शहरी भाग एनएच-09 (पुराना एनएच-10) पर स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन (एचडीपी) बिछाने के लिए रोड के पुनरोद्धार हेतु डीएनआईटी + 1 कार्य। | 08.09.2025 15.09.2025 | 61.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भकलाना, जिला हिसार में 315 केवीए ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत + 1 कार्य। | 05.09.2025 15.09.2025 | 5.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में उकलाना में नये लोनिवि विश्राम गृह का निर्माण (2 अदद 13 यात्री लिफ्टों का प्रावधान केवल)। | 05.09.2025 15.09.2025 | 37.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हांसी में नागरिक हस्पताल की विशेष मरम्मत (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 05.09.2025 15.09.2025 | 39.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 7 | सिविल सर्जन, करनाल | ईडीएल जिला करनाल के अनुरूप औषधि, कंज्यूमेबल और डेंटल मदों की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु पुनर्निविदा के सम्बन्ध में। | 13.09.2025 03.10.2025 | ईएमडी 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2267796 dhs.csknl@hry.nic.in |
| 8 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचएकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह में हॉस्पीटल इंडोर मरीजों के लिए किचन और डाइट्री सेवाओं के प्रावधान हेतु निविदा। | 10.09.2025 30.09.2025 | ईएमडी 4.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज, भिवानी | गांव खरक खांडियान ब्लॉक भिवानी में बारदा चौपाल में एमएसके का अपग्रेडेशन और स्थापना + 1 कार्य। | 05.09.2025 11.09.2025 | 12.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 10 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी करनाल में 36 अदद लिफ्टों के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 11.09.2025 26.09.2025 | ईएमडी 1.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | चलायमान शौचालय वैन्स, बीएस-VI की अधिप्राप्ति। | 10.09.2025 10.10.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/220/38538/I/88/6 दि. 09.09.25



## केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, (सिपेट) : आईपीटी, मुरथल

(रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)

50 वां माईल स्टोन, डीसीआरयूएसटी कैम्पस, मुरथल, सोनीपत, हरियाणा 31039

सिपेट CIPET

AICTE APPROVED

B. Tech ( Plastic Technology ) First Year & Lateral Entry Courses Affiliated with DCRUST सत्र 2025-26 की रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। (As Per HSTES Guidelines )

ADMISSION OPEN

| कोर्स का नाम | प्रवेश योग्यता |
|---|---|
| B.Tech (Plastic Technology) First year Duration (4 Years) | Should be a pass in 10+2 examination with physics, Mathematics & chemistry as compulsory subjects, obtained at least 45% marks (40% in case of candidate belonging to reserved category) OR Passed Diploma (in Engineering & Technology) examination with at least 45% marks (40% in case of candidate belonging to reserved category) OR Passed D.Voc. Stream in the same or allied sector. OR Passed minimum 3 years Diploma Examination with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) subject to vacancies in the First Year, in case the vacancies at lateral entry are exhausted. |
| | **महत्वपूर्ण तिथियां** |
| | Walk-in/Dates of Direct Admission For Institute Wise (Open counseling): First come First Serve basis for filling up of remaining Vacant seats last date15.09.2025 Reporting Time: 10:00 AM-05:00 PM |
| B.Tech (Plastic Technology) (Lateral Entry) Duration (3 Years) | **प्रवेश योग्यता** |
| | a) Passed Minimum THREE years / TWO years (Lateral Entry) Diploma examination with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) in ANY branch of Engineering and Technology. OR b) Passed B.Sc. Degree from a recognized University as defined by UGC, with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) and passed 10+2 examination with Mathematics as a subject. |
| | **महत्वपूर्ण तिथियां** |
| | Walk-in/Dates of Direct Admission for Institute Wise (Open counseling): First come First Serve basis for filling up of remaining Vacant seats last date 15.09.2025 Reporting Time 10:00 AM-05:00 PM |

1. दाखिले के लिए आरक्षण संबंधी नियम HSTES तथा DCRUST- MURTHAL के नियमानुसार होगा। जो कि Institute Level 1st & 2nd Counseling में ही लागू होगा।
2. छात्र एंव छात्राओं के लिए छात्रवास की सुविधा संस्थान में उपलब्ध है।
3. प्रवेश संबंधित अधिक जानकारी एवं फार्म के लिए www.cipet.gov.in पर संर्पक करे।
4. प्रत्येक counseling के साथ अभ्यार्थी को अवश्यक दस्तावेजो के साथ रूपये 35,810/- जमा करना एवं counseling में शामिल होना अनिवार्य है।
5. इच्छुक अभ्यार्थी Application फार्म भरकर murthal@cipet.gov.in पर E-mail करें।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करे - 9466146015, 8950050008, 9896380485 ई-मेल murthal@cipet.gov.in

विज्ञापन क्रमांक : 2025-26/17 निदेशक एवं प्रमुख

## खबर संक्षेप

### मंजूरी के बाद भी उदयपुर सिटी-चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन नहीं

**जींद।** उदयपुर और चंडीगढ़ के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का मंजूरी मिलने के बाद भी संचालन नहीं हो पाया है। हालांकि भारतीय रेलवे ने इसकी मंजूरी भी दे दी थी। ट्रेन कोच तैयार हैं, उन पर ट्रेन नंबर और कहां से कहां तक चलेगी यह तख्तियां भी लग चुकी हैं। इसके बावजूद भी यह ट्रेन शुरू नहीं हो पा रही है। रेलवे ने जींद से होते हुए उदयपुर सिटी-चंडीगढ़ के बीच सीधी ट्रेन चलाने का फैसला लिया था। रेल मंत्रालय ने इस ट्रेन को चलाने का शेड्यूल जारी कर दिया था। यात्रियों को इस 20989-90 उदयपुर सिटी-चंडीगढ़ एक्सप्रेस का भरपूर फायदा मिलता, क्योंकि इससे पहले इस रूट पर कोई ट्रेन नहीं है।

### युवती की फोटो से छेड़छाड़ कर इंस्टाग्राम पर डाली

**यमुनानगर।** शहर के गांधी नगर क्षेत्र में युवती की फोटो के साथ छेड़खानी कर इंस्टाग्राम पर डाल दी गई। युवती ने जब छेड़खानी की गई अपनी फोटो देखी तो वह हैरान रह गई। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के गांधी नगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर अपने नाम से आईडी बनाई हुई है। जिसमें उसने अपने फोटो अपलोड किए हुए हैं। एक सितंबर को वह अपनी इंस्टाग्राम आईडी चैक कर रही थी। इस दौरान अज्ञात युवक ने उसकी फोटो से छेड़खानी कर इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दी।

### नाबालिक को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** नाबालिक को बहला-फुसला कर साथ ले जाने व गलत काम करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना आदर्श नगर में गांव सोतई निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि उसकी 14 वर्ष की बेटी 26 जुलाई को बिना किसी को बताये घर से चली गई थी। जिस शिकायत पर थाना आदर्श नगर में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना आदर्श नगर की टीम ने कार्रवाई करते हुए गुलबहार निवासी कालंदा, शामली उप्र हाल कुरेशीपुर फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गुजरात से साडी लेकर आता था और फेरी लगा कर साडी बेचता था। इसी दौरान उसने नाबालिक लडकी को बातों में फंसा लिया।

---

**राष्ट्रीय राइफल के लांस नायक ने कुलगाम में आतंकियों से लड़ते हुए देश के लिए दिया सर्वोच्च बलिदान**

# आठ साल पहले सेना में भर्ती हुए थे नरेंद्र सिंह सिंधु, चार साल जम्मू कश्मीर में तैनाती के बाद होना था ट्रांसफर, चल रही थी शादी की बात

**रोहेड़ा में आज पार्थिक शरीर पहुंचेगा, राजकीय सम्मान से होगा संस्कार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद/कैथल

रोहेड़ा गांव के 28 वर्षीय लांस नायक नरेंद्र सिंह सिंधु के कुलगाम में आतंकियों से मुकाबला करते हुए शहीद होने के बाद गांव में मातम का माहौल है। जैसे ही सैनिक के शहीद होने की सूचना गांव में पहुंची तो गांव में शोक की लहर दौड़ गई। इसके साथ ही गांव में गांव निवासी सैनिक की मौत के सन्नाटा पसर गया। इस सूचना के पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन की टीम गांव में पहुंची और परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी। एसोसिएशन के जिला प्रधान जगजीत सिंह फौजी ने बताया कि कागजी कार्यवाही में देरी के चलते मंगलवार को नरेंद्र का पार्थिव देह कैथल नहीं पहुंचा। हालांकि गांव में अलग-अलग जगहों से नरेंद्र के शहीद होने के बाद उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंच रहे हैं। परिजनों के मुताबिक नरेंद्र करीब आठ साल पहले फौज में भर्ती हुए थे। इस समय वे राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात थे। चार साल पहले ही उनकी पोस्टिंग श्रीनगर में हुई थी। वे अभी अविवाहित थे।



कैथल। शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंह सिंधु। (फाइल फोटो)

### साढ़े तीन माह पहले छुट्टी पर घर आए थे

परिजनों ने बताया कि उनकी शादी की बात चला रखी थी। जल्द ही उनका जम्मू कश्मीर से ट्रांसफर होने वाला था, ऐसे में परिवार की तैयारी थी कि इसके बाद उनकी शादी कर दी जाएगी। नरेंद्र अंतिम बार करीब साढ़े तीन महीने पहले अपने घर पर छुट्टी पर आए थे। करीब एक महीना घर रहने के बाद ढाई महीने पहले वे अपनी ड्यूटी पर लौट गए थे। सोमवार को उनके शहीद होने की सूचना कैथल पहुंची। इसके बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। नरेंद्र ने अपनी 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई की और बाद में सेना की तैयारी की और सेना में भर्ती हो गए। उनके परिवार में पिता दलबीर सिंह किसान हैं और माता रोशनी देवी गृहिणी हैं। परिवार में दो बहनें और एक छोटा भाई है। बहनों की शादी हो चुकी है। छोटा भाई अमेरिका में एक होटल में काम करता है। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रधान जगजीत सिंह फौजी ने बताया कि नरेंद्र का छोटा भाई वीरेंद्र अमेरिका में रहता है। वह 2023 में अमेरिका में गया था, जहां अब वह एक होटल में सहायक की नौकरी करता है। नरेंद्र के शहीद होने की सूचना उसे दे दी गई है।

### ताऊ के लड़के से अंतिम बार हुई थी बातचीत, परिवार के लोगों को पूछा था हाल-चाल

नरेंद्र के ताऊ के बेटे विक्रम ने बताया कि नरेंद्र की शादी के बारे में परिवार के लोगों की बातचीत चल रही थी। परिवार का कहना था कि जम्मू कश्मीर में नरेंद्र की ड्यूटी का समय पूरा होने वाला था। जब वहां से ट्रांसफर होकर वे आसपास के क्षेत्र में आ जाएंगे, तब उनकी शादी करवा देंगे। नरेंद्र सिंधु की अंतिम बार उनकी ही बातचीत हुई थी। विक्रम ने बताया कि नरेंद्र ने उससे पूछा था कि घर परिवार के सभी सदस्य ठीक-ठाक हैं या कोई दिक्कत परेशानी तो नहीं है। मैंने कह दिया था कि सब ठीक हैं, तुम वहां अपना ख्याल रखना।

---

**मंगलवार सुबह नौ बजे अचानक आगजनी, कर्मचारी भाग खड़े हुए**

# अंबाला के विशाल मेगा मार्ट में आग लगी, दो फ्लोर जले

*मॉल में रखे कपड़ों व प्लास्टिक सामान के कारण आग एक फ्लोर से दूसरे में फैलती चली गई। आग की भयानक लपटों को देखते हुए आसपास के तीन बैंकों को करवाया गया बंद*

**आग बुझाने के दौरान दमकल विभाग के कर्मचारी का दम घुटा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

शहर के प्रेमनगर स्थित विशाल मेगा मार्ट में मंगलवार को भयंकर आग लग गई। अचानक लगी आग की वजह से तीन मंजिला भवन में चल रहे मार्ट के दो भवन जलकर राख हो गए। आग की वजह से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग लगने की घटना मंगलवार सुबह करीब 9 बजे की है। धुंए के कुछ मिनटों में विशाल मेगा मार्ट से आग की भयंकर लपटें निकलने लगी थी। इसी वजह से तमाम कर्मचारी जान बचाकर भाग खडे हुए। आग ने थोड़ी ही देर में पूरे मॉल को चपेट में ले लिया। लोगों को इसका पता तब चला जब मॉल के शीशे आग की गर्मी से चटककर गिरने शुरू हुए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी। हालांकि आग बहुत तेजी से फैलती चली गई।




### आग के कारण लगातार चटकते रहे शीशे

फायर अधिकारी तरसेम राणा ने बताया कि आग कपड़ों में फैल गई थी। इसकी वजह से उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। आग की वजह से मॉल के शीशे भी टूट कर गिर गए। आग बुझाने के दौरान दमकलकर्मी परमजीत का दम घुट गया। उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। राणा ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर पर आग नहीं पहुंची थी लेकिन ऊपर के दोनों फ्लोर पर पूरा सामान जल गया। प्लास्टिक के बैग और कपड़ों में आग लगी घंटों सुलगती रही।

#### छह घंटे में काबू पाया जा सके

फायर तरसेम राणा ने बताया कि करीब 6 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। शुरुआती कार्रवाई में फायर कर्मियों ने मॉल के आग लगी आग पर काबू पाया। इसके साथ ही आग को नीचे के फ्लोर पर आने से रोका जिससे नुकसान में कमी आए। पहले मौके पर 3 गाड़ियां आग बुझाने पहुंची थीं, लेकिन वह काफी नहीं हुईं। उसके बाद 5 गाड़ियां और आईं। कुल 8 दमकल वाहनों ने काबू पाया।

#### शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

फायर अधिकारी का कहना था कि शॉर्ट सर्किट से यह आग लगी होगी। इसके बाद आग ने कपड़ों को अपनी चपेट में लिया। कपड़ों के चपेट में आने से आग तेजी से फैल गई। इसने पूरे 2 फ्लोर को चपेट में ले लिया था। हालांकि, ग्राउंड फ्लोर पर आग नहीं पहुंची थी।वहीं आग लगते ही नीचे के फ्लोर से पहले कपड़ों को बाहर निकाला गया ताकि आग को ज्यादा न फैलने दिया जाए। कुछ कपड़े सुरक्षित जरूर निकले गए। हालांकि, आग ने ऊपर के 2 फ्लोर पर रखा सामान जलाकर राख कर दिया है। मॉल के फ्रंट में लगे शीशे लगातार आग की गर्मी से टूट-टूट कर गिर रहे थे। शीशों के टूटने की वजह से लोगों को मॉल से पीछे की ओर किया गया। मॉल में अंदर की तरफ आग काफी तेज थी। उसे बुझाने में दमकल को काफी मशक्कत करनी पड़ी।आग की सूचना के बाद ही फायर ब्रिगेड टीम ने अन्य स्टेशनों की टीमों को अलर्ट पर रखा था।

---

**फर्जी बिल से कर दिया गोलमाल : फरीदाबाद में एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई**

# 22 करोड़ के गबन में बीडीपीओ गिरफ्तार



**फरीदाबाद ।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पुन्हाना खंड विकास अधिकारी पूजा शर्मा को अक्टूबर 2020 में बिना विकास कार्य कराए 22 करोड़ रुपये का भुगतान करने और सरकारी पैसे का गबन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पूजा शर्मा के साथ हीरालाल नामक ठेकेदार को भी गिरफ्तार किया गया है। 2020 में पूजा शर्मा कोरोना काल के दौरान तिंगाव विधानसभा क्षेत्र की बीडीपीओ थीं। पूजा शर्मा ने गांव मुजेड़ी में बिना विकास कार्य किए और बिना बिल के कार्यवाहक सरपंच ब्रहमपाल, ग्राम सचिव जोगेन्द के साथ मिलकर बड़े अधिकारियों की बिना अनुमति के और बिना काम कराए नकली बिल लगाकर 22 करोड़ रुपये का गबन किया था। जिसमें 17 करोड़ 14 लाख रुपए की अदायगी विभिन्न फर्मों को की गई। साल 2023 में मामला एंटी करप्शन ब्यूरो को जांच के लिए सौंप दिया था। ब्यूरो की जांच के दौरान इन सभी फर्म मालिकों के खातों में 28 करोड़ रूपए का भुगतान पाया गया।

#### फर्जी विकास कार्य दिखाकर भुगतान

ये भुगतान फर्जी विकास कार्य दिखाकर किया गया था। पंचायत एंव विकास पंचकूला द्वारा इस समय की सरपंच रानी के खिलाफ मामला दर्ज कर पंचायत के खाते को सील करवा दिया गया था। लेकिन पूजा शर्मा ने अपने स्तर पर पंचायत के खाते को फिर से चालू करवा लिया था। जांच में ये भी सामने आया की पूजा शर्मा के द्वारा फर्म रसिक बिहारी इन्फ्राटेक एंड कंन्स्ट्रक्शन प्रा.लि. को भुगतान करने के एवज अपने खाते में 9 लाख रकी रिश्वत भी ली गई।

#### डीसी की शिकायत पर केस

फरीदाबाद के डीसी रहे डीसी यशपाल यादव द्वारा सदर थाना बल्लभगाढ़ में अप्रैल 2021 में एक एफआईआर दर्ज कराई गई। इससे पहले डीसी ने कमेटी बनाकर इस मामले की जांच कराई थी। इसके बाद जांच एसीबी को सौंपी गई थी।

---

## चौथी से आठवीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षाएं 24 अक्टूबर से

**जींद।** राजकीय स्कूलों में पढने वाले छात्रों की अर्धवार्षिक परीक्षा को लेकर विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के नाम पत्र जारी किया है। जारी किए गए पत्र के अनुसार चौथी से आठवीं कक्षा की परीक्षाएं 24 अक्तूबर से शुरू होकर 31 अक्तूबर तक चलेंगी। वहीं 9वीं से 12वीं कक्षा तक की परीक्षाएं 24 अक्तूबर से शुरू होकर छह नवंबर तक चलेगी। निदेशालय ने निर्देश दिए हैं कि जिला शिक्षा अधिकारी डेटशीट अपने अधीनस्थ विद्यालय मुखियाओं के साथ साझा करते हुए परीक्षा का आयोजन सुनिश्चित करें।

#### कक्षा चार का पहला पेपर अंग्रजी का

चौथी कक्षा की 24 अक्तूबर को अंग्रेजी, 25 को 27 को गणित, 28 अक्तूबर को ईवीएस विषय की परीक्षा होगी। वहीं पांचवीं कक्षा की 24 अक्तूबर को अंग्रेजी, 25 को हिंदी, 27 को गणित, 28 को ईवीएस विषय की परीक्षा होगी। वहीं 24 अक्तूबर को छठी कक्षा की सामाजिक विज्ञान, 25 अक्तूबर को गणित, 27 को हिंदी, 28 को अंग्रेजी, 29 को संस्कृत/पंजाबी/उर्दू, 30 को विज्ञान व 31 को ड्राइंग, म्यूजिक, होम साइंस व एग्रीकल्चर विषय की परीक्षा होगी। वहीं सातवीं कक्षा की 24 अक्तूबर को हिंदी, 25 को ड्राइंग/म्यूजिक/होम साइंस/एग्रीकल्चर विषय की परीक्षा होगी। इसके अलावा 27 को अंग्रेजी, 28 को विज्ञान, 29 को गणित, 30 को संस्कृत/पंजाबी/उर्दू व 31 को सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। आठवीं कक्षा की 24 अगस्त को ड्राइंग/म्यूजिक/होम साइंस/एग्रीकल्चर, 25 को विज्ञान, 27 को गणित, 28 को हिंदी, 29 को अंग्रेजी, 30 को सामाजिक विज्ञान व 31 को संस्कृत/पंजाबी/उर्दू विषय की परीक्षा होगी।

## गलत तरीके से विवाह शगुन योजना का लाभ, केस दर्ज

**कैथल।** गुहला पुलिस ने शादी का फर्जी प्रमाण पत्र बनाते हुए विवाह शगुन योजना का लाभ लेने पर एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कर्मकार कल्याण बोर्ड कैथल के अधिकारी उषा अरोड़ा ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव सुल्तानिया के जीत राम ने 20 जुलाई 2019 को विवाह शगुन योजना का लाभ लेने के नाम पर फर्जी शादी का प्रमाण पत्र लगा दिया, जो सही नहीं था। सब इंस्पेक्टर मुकेश ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि जल्द आरेपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## यूएस भेजने का झांसा देकर 29 लाख ठगे, काबू

**कैथल।** एक युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर से 29 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में पीएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव तितरम निवासी जसवंत सोनु को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव पाई निवासी सुमित की शिकायत अनुसार सितंबर 2023 में उसकी जान-पहचान गांव किठाना निवासी अशोक ढांडा से उसके अंबाला रोड कैथल स्थित कार्यालय में हुई थी। उस समय मौके पर अशोक ढांडा, उसकी पत्नी मोनिका ढांडा व गांव सेरधा निवासी परमजीत सिंह भी थे। उसने आरोपियों ने अमेरिका जाने की बात कही तो उन्होंने कहा कि वे उसे 55 लाख रुपये में अमेरिका भेज देंगे। बाद में उनकी 47 लाख 50 हजार रुपये में बात तय हो गई। आरोपियों ने उसके दस्तावेज व पासपोर्ट ले लिया। बाद में आरोपियों ने संदीप ढांडा, मनोज ढांडा व जसवंत के साथ मिलकर उससे अलग-अलग समय में 29 लाख रुपये ले लिए। आरोपियों ने उसे दिल्ली से श्रीलंका, श्रीलंका से अन्य जगह भेज दिया।

---

**बिजली लाइन का बिल पास करवाने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप, एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने दबोचा**

# भाजपा नेता से 34 हजार रुपये रिश्वत लेते बिजली निगम का जेई गिरफ्तार

**9 लाख का बिल पास करने के लिए मांग रहा था एक लाख रुपये**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद।

भाजपा नेता एवं बिजली निगम के ठेकेदार भवानी सिंह से बिल पास करने की एवज में रिश्वत लेते बिजली निगम के जेई को एंटी करप्शन ब्यूरो हिसार की टीम ने रंगे हाथों धर दबोचा। एसीबी की टीम मंगलवार को इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह के नेतृत्व में फतेहाबाद पहुंची। टीम ने बिजली निगम कार्यालय में छापेमारी कर जेई को 34 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। मिली जानकारी के अनुसार, बीजेपी किसान मोर्चा का पूर्व प्रदेश सचिव भवानी सिंह बिजली निगम में ठेकेदारी का काम करता है। उसने गांव धिड़ से टाहलीवाली ढाणी तक बिजली लाइन खींची थी। उसका 9 लाख रुपए का बिल पास करवाने के लिए उनकी टीम डेढ़-दो महीने से बार-बार चक्कर काट रही थी, मगर कोई न कोई आपत्ति लगाकर बिल पास नहीं किया जा रहा था।




#### ठेकेदार से बोला आरोपी - एक बार 34 हजार दे दो बाकी पैसे बाद में देख लेंगे

भवानी सिंह ने बिजली निगम में कार्यरत जेई धर्मवीर सिंह पर आरोप लगाया कि धर्मवीर सिंह ने बिजली लाइन खींचने के कार्य का बिल पास करने के लिए उससे एक लाख रुपये रिश्वत मांगी। जेई ने कहा कि पिछले काम के भी पैसे बाकी हैं। एक बार 34 हजार रुपए दे दो, बाकी बाद में देख लेंगे। भवानी सिंह के अनुसार जेई ने बिल पास करने की एवज में 34 हजार रुपए की रिश्वत मांग ली। इस पर भवानी सिंह ने एसीबी हिसार को शिकायत दी। तय समय पर भवानी सिंह जैसे ही बिजली निगम कार्यालय पहुंचकर रिश्वत की रकम धर्मवीर सिंह को सौंपने लगा। उसी समय एसीबी की टीम ने मौके पर दबिश देकर उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जेई धर्मवीर सिंह दिव्यांग हैं। वह भट्टू क्षेत्र के गांव रामसरा का निवासी है। उसकी ड्यूटी सिटी सब डिवीजन के अंतर्गत थी। कुछ ग्रामीण एरिया का हिस्सा उसके अधीन आता है।

## दूसरे के बैंक अकाउंट से किया करोड़ों का लेन-देन आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** दूसरे के बैंक अकाउंट का दुरूपयोग कर ठगी करने के मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक और आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने सक्षम पुत्र नीलू उर्फ अनिल कुमार निवासी शिव चौक, फतेहाबाद को जांच में शामिल किया है। इससे पहले इस प्रकरण में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल ने बताया कि इस बारे कोमल कुमार पुत्र प्रमोद कुमार निवासी खान मोहम्मद, जिला फतेहाबाद ने साइबर क्राइम पोर्टल पर एक शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपी विक्रम सिंह निवासी शास्त्री नगर और सुमित कुमार निवासी लाजपत नगर, फतेहाबाद ने उसे झांसा देकर इंडसइंड बैंक, फतेहाबाद में उसके नाम से एक बैंक खाता खुलवाया। बैंक खाता खुलवाने के बाद, उससे जुड़े मोबाइल नंबर और बैंक किट आरोपियों ने अपने पास रख ली और खाते का दुरुपयोग करते हुए लगभग 1.5 से 2 करोड़ रुपये तक की अवैध लेन-देन की गई। जांच के दौरान मामला प्रथम दृष्टया भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के अंतर्गत संगत पाया गया। इस आधार पर पुलिस ने 25 मई को केस दर्ज किया था। जांच अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई में पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, और ताजा कार्रवाई में तीसरे आरोपी सक्षम ककर को तफ्तीश में शामिल किया गया है। मामले की नियमानुसार आगे की जांच जारी है।

## पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी ने कांग्रेस छोड़ी भाजपा में शामिल



■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने पूर्व सांसद को पार्टी में शामिल करवाया

**सिरसा।** पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी कांग्रेस छोडक़र भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने चंडीगढ़ में पार्टी कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। चरणजीत सिंह रोड़ी इनेलो की टिकट पर न केवल विधायक बल्कि सिरसा से सांसद बने थे। इनेलो में हुए बिखराव के बाद चरणजीत सिंह रोड़ी का पार्टी से मोह भंग हो गया और उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन कर ली। उल्लेखनीय है कि पंजाब से सटे कस्बे रोड़ी से सरपंची से सियासी सफर शुरू करने वाले चरणजीत सिंह रोड़ी ने जितने भी चुनाव लड़े वे किसी भी पराजित नहीं हुए। चरणजीत सिंह रोड़ी वर्ष 2000 से 2005 तक रोड़ी कस्बा के सरपंच बने । उसके बाद वर्ष 2005 में जिला परिषद के मेंबर बने।

## जीएसटी दर बदलाव के बाद एमआरपी बदले कंपनियां

**नई दिल्ली।** सरकार ने विनिर्माताओं से जीएसटी दरों में बदलाव के अनुसार बिना बिके भंडार पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) को बदलने के लिए कहा है। सरकार ने विभिन्न उत्पादों और सेवाओं पर जीएसटी को कम कर दिया है, 22 से लागू होगा। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''नई जीएसटी दरों के अनुसार विनिर्माता, पैकर और आयातक 31 दिसंबर, 2025 तक (या भंडार रहने तक) बिना बिके भंडार पर एमआरपी बदल सकते हैं।''

# कर छूट के बाद कर्मचारी बचत, निवेश को दे रहे तरजीहः रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आयकर में छूट के साथ कर्मचारियों का झुकाव वित्तीय नियोजन की ओर हुआ है। लगभग 57 प्रतिशत लोग अपनी अतिरिक्त आय को बचत और निवेश में लगा रहे हैं। नई कर व्यवस्था लागू होने के छह महीने बाद, एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

रोजगार के बारे में सूचना देने वाला मंच नौकरी की एक रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 की नई कर व्यवस्था लागू होने के छह महीने बाद, 12.75 लाख रुपये प्रति वर्ष (एलपीए) तक कमाने वाले पेशेवर सोच-विचार कर खर्च की तुलना में बचत, निवेश और ऋण चुकाने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## लगभग 57 फीसदी लोग अतिरिक्त आय को बचत व निवेश में लगा रहे

### 20 हजार से अधिक पेशेवरों पर सर्वेक्षण

यह रिपोर्ट नौकरी द्वारा 12.75 लाख रुपये प्रति वर्ष तक कमाने वाले 20,000 से अधिक पेशेवरों के देश भर में किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। इन लोगों पर कर देनदारी अब शून्य है। हालांकि, रिपोर्ट में पाया गया कि नई कर व्यवस्था को लेकर सभी लोग जागरूक नहीं हैं।



### नए लोग सबसे अधिक जानकारी रखते हैं

रिपोर्ट में कहा गया है कि नए लोग सबसे ज्यादा जानकारी रखते हैं। 64 प्रतिशत ने लाभों के बारे में पूरी जानकारी होने की बात कही है, वहीं 43 प्रतिशत प्रतिभागियों ने स्वीकार किया कि वे या तो स्पष्ट नहीं हैं या बदलावों से पूरी तरह अनजान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 57 प्रतिशत प्रतिभागी अपनी अतिरिक्त आय को बचत और निवेश में लगा रहे हैं, जबकि 30 प्रतिशत इसका इस्तेमाल कर्ज चुकाने में कर रहे हैं।

### कुछ ही लोग अतिरिक्त धन उपभोग में ला रहे

*रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ प्रतिशत लोग ही अतिरिक्त धन को उपभोग में लगा रहे हैं। इसमें नौ प्रतिशत अपनी जीवनशैली में सुधार को लेकर खर्च कर रहे हैं और केवल चार प्रतिशत यात्रा और अवकाश पर खर्च कर रहे हैं। रिपोर्ट में उद्योग-वार स्पष्ट अंतर भी उजागर किया गया है।*

### प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में बचत करने वाले ज्यादा

*इसमें उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र के 76 प्रतिशत पेशेवर अपनी अतिरिक्त आय की बचत के साथ सबसे आगे हैं। इसके बाद वाहन (63 प्रतिशत) और औषधि (57 प्रतिशत) क्षेत्र के पेशेवर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (64 प्रतिशत) और होटल (60 प्रतिशत से अधिक) क्षेत्र के कर्मचारी दीर्घकालिक सेवानिवृत्ति योजना और निवेश के प्रति सबसे अधिक प्रतिबद्ध हैं।*

## सबसे पतला आईफोन लॉन्च: एपल वॉच सीरीज 11 और अल्ट्रा 3 भी पेश किया

# सबसे पतला आईफोन- 17 एयर लॉन्च, कीमत 1.19 लाख, लाइव ट्रांसलेशन वाला एयरपॉड भी पेश

एजेंसी ▶▶| कैलिफोर्निया

एपल ने अपने सालाना इवेंट 'ऑव ड्रॉपिंग' में अपना सबसे पतला आईफोन लॉन्च किया। आईफोन एयर 5.6 एमएम पतला है। इवेंट में आईफोन 17, आईफोन 17 प्रो और आईफोन 17 प्रो मैक्स भी लॉन्च किया गया है। प्रो वैरिएंट में अब तक की सबसे बड़ी आईफोन बैटरी मिलेगी। इसके अलावा एयरपॉड 3 प्रो पेश किया जिसमें रियल-टाइम ट्रांसलेशन फीचर मिलेगा। एपल वॉच लाइनअप में वॉच एसई, वॉच सीरीज 11 और वॉच अल्ट्रा 3 भी लॉन्च की गई है। सभी डिवाइस अपडेटेड ओएस26 के साथ आएंगे, जिसमें लिक्विड ग्लास इंटरफेस मिलेगा। आईफोन 17 प्रो और प्रो मैक्स में पहली बार तीनों रियर कैमरे 48 मेगा पिक्सल के हैं। इससे ज्यादा डिटेल्ड तस्वीरें और बेहतर जूम रेंज मिलेगी। नए एक्सटेंडेड प्लेटफॉर्म में एकदम नया टेलीफोटो कैमरा शामिल है।



- आईफोन 17 सीरीज की भारत में शुरुआती कीमत
- आईफोन 17 : 82,900
- आईफोन 17 एयर : 1,19,900
- आईफोन 17 प्रो : 1,34,900
- आईफोन 17 प्रो मैक्स : 1,49,900

### अब तक की सबसे बड़ी आईफोन बैटरी

एपल ने आईफोन 17 प्रो लॉन्च किया है, जिसमें एनोडाइजेशन के जरिए बनाया गया प्रिसिजन-मिल्ड एल्यूमिनियम यूनिबॉडी है, जो एकदम स्मूथ डिजाइन देता है। एपल का कहना है कि इसमें अब तक की सबसे बड़ी आईफोन बैटरी होगी। फ्रंट डिस्प्ले को सिरेमिक से प्रोटेक्ट किया गया है, जो इसे और भी मजबूत बनाता है।

### एपल का दावा - एयर अब तक का सबसे पावर-एफिशिएंट आईफोन

आईफोन 17 एयर कंपनी का अब तक का सबसे पतला आईफोन है। इसकी थिकनेस सिर्फ 5.6 एमएम है। इसे 80% रिसाइकल्ड टाइटेनियम फ्रेम पर बनाया गया है। फोन के दोनों तरफ सिरेमिक शील्ड की प्रोटेक्शन है। इसमें 6.5-इंच का प्रोमोशन डिस्प्ले दिया गया है। इतना पतला होने के बावजूद, एपल का दावा है कि ये अब तक का सबसे पावर-एफिशिएंट आईफोन है। इसमें 6-कोर सीपीयू और 5-कोर जीपीयू है, जिसमें सेकेंड-जेन डायनामिक कैसिंग है, जो मैकबुक प्रो जैसी परफॉर्मेंस और ऑन-डिवाइस एआई की बेहतर क्षमता देता है। फोटोग्राफी के लिए फोन में 48 मैगापिक्सल का अल्ट्रा वाइड एंगल मैन कैमरा दिया गया है। यही लेंस 12 मेगा पिक्सल के 2 एक्स टेलीफोटो लेंस की तरह भी काम करेगा। वहीं सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए इसमें 24 मेगा पिक्सल कैमरा है। फोन सिर्फ ई सिम पर काम करता है। एपल का दावा है कि आईफोन एयर की बैटरी पूरे दिन चलेगी। साथ ही, नए मैगसेफ और कस्टम केस जैसे नए एक्सेसरीज भी पेश की गई है।

### बड़े अपग्रेड्स के साथ पेश

आईफोन 17 में मजबूती, डिजाइन और परफॉर्मेंस से जुड़े के बड़े बदलाव किए गए हैं। नए मॉडल में सिरेमिक शील्ड 2 है, जो स्क्रैच रेजिस्टेंस में तीन गुना बेहतर है, साथ ही एपल की नई कोटिंग से और टफनेस मिलती है। इसमें सात लेयर वाली एंटी-रिफ्लेक्टिव फिनिश भी है, जो चमक को कम करती है। ये फोन पांच रंगों में आता है - लैवेंडर, सेज, मिस्ट, ब्लू और ब्लैक। अब इसमें थोड़ा बड़ा 6.3-इंच का प्रोमोशन डिस्प्ले है, जो 120 हर्टज रिफ्रेश रेट देता है और ऑलवेज-ऑन मोड में 1 हर्टज तक जाता है, जिससे बैटरी बचती है। आईफोन 17 में एप्पल का नया ए 19 चिप है, जो 3 एमएन प्रोसेस पर बना है। इसमें 6-कोर सीपीयू , 5-कोर जीपीयू और बेहतर न्यूरल इंजन है, जो ऑन-डिवाइस एआई टास्क को हैंडल करता है। मेमोरी बैंडविड्थ बढ़ने से मल्टीटास्किंग और ग्राफिक्स वाली एप्स की परफॉर्मेंस में सुधार है। कैमरा डिपार्टमेंट में 48 मेगा पिक्सल का मेन सेंसर और 12 मेगा पिक्सल का 2 एक्स टेलीफोटो लेंस है।

## होंडा, यामाहा, बजाज ऑटो और जीप ने वाहनों के दाम घटाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन कंपनियों होंडा, जीप, बजाज ऑटो और यामाहा ने जीएसटी दरों में किए गए बदलाव के अनुरूप मंगलवार को अपने वाहनों की कीमतों में कटौती करने की घोषणा की है। होंडा कार्स इंडिया ने कहा कि वह अपनी लोकप्रिय गाड़ियों के दाम घटा रही है।

कॉम्पैक्ट सेडान अमेज पर 95,500 रुपये तक, सिटी मॉडल पर 57,500 रुपये तक और एलीवेट मॉडल पर 58,400 रुपये तक की कटौती होगी। जीप इंडिया ने कहा कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाए जाने के बाद उसके कम्पास, मेरिडियन, रैंगलर और लक्जरी एसयूवी ग्रांड चेरोकी की कीमतों में 1.26 लाख रुपये से लेकर 4.8 लाख रुपये तक कटौती की जा रही है। दोपहिया वाहन कंपनी इंडिया यामाहा मोटर ने भी अपने मॉडल के दाम घटाने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि आर15 बाइक अब 1,94,439 रुपये में मिलेगा, जबकि पहले इसकी कीमत 2,12,020 रुपये थी। इसी तरह रेजेडआर मॉडल का दाम 93,760 रुपये से घटाकर 86,001 रुपये कर दिया गया है। अन्य मॉडलों पर भी 17,581 रुपये तक की राहत मिलेगी।

**जन-साधारण सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता हैं कि सुरजमुखी सीजन वर्ष 2025-26 में, जिन किसानों ने आढ़तियों के माध्यम से अनाज मण्डी, शाहबाद (मा0) में सुरजमुखी की फसल बेची हैं, यदि उन किसानों से अनाज मण्डी, शाहबाद के आढ़तियों द्वारा आढ़त के नाम पर 1.50 प्रतिशत या 100 रूपये प्रति क्विंटल की अवैध/जबरन वसूली की गई हैं तो वह किसान अपनी सूचना इस प्रकाशन के 10 दिन के अन्दर-अन्दर कार्यालय मार्किट कमेटी, शाहबाद (मा0) में व्यक्तिगत रूप से आकर लिखित रूप में, कार्यालय की ई-मेल आई0 डी0- mcsbd36@gmail.com पर अथवा डाक के माध्यम से कार्यालय मार्किट कमेटी, नई अनाज मण्डी, शाहबाद (मा0) के पते पर दे सकते हैं।

सचिव एंव कार्यकारी अधिकारी, मार्किट कमेटी, शाहबाद (मा0) — प्रशासक, मार्किट कमेटी, शाहबाद (मा0)

**उत्तर रेलवे**

टेंडर नोटिस संख्याः- 61256141A

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप-135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61256141A | एंटर – व्हीकल पावर कपलर विथ ई–बीम केबल्स | 20 सेट्स | 03 अक्टूबर 2025 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 2736/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ एस उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी। भारत के राष्ट्रपति की ओर से 02 वर्षों की अवधि के लिए अंबाला मंडल में विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक वैन के एसएलआर/एसएलआरडी कम्पार्टमेंट में पार्सल स्पेस (4 एमटी/3.9 एमटी) को पट्टे पर देने के अनुबंध के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई–नीलामी लीजिंग के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| नीलामी केटलॉग सं. | UMB-SLR-11-2025 (06 lots) |
| नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | 23.09.2025 /12:00 |
| नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय | 23.09.2025 /13:20 |

| S.No. | Auction Catalogue No. & Train Details |
|---|---|
| 1. | 12450 Ex. CDG-MAO (FSLR-I) |
| 2. | 12232 Ex. CDG-LKO (FSLR-I) |
| 3. | 12218 Ex. CDG-TVCN (RSLR-I) |
| 4. | 14522 Ex. UMB-DLI (FSLR-I) |
| 5. | 19308 Ex. UHL-INDB (FSLR-I) |
| 6. | 22456 Ex. KLK-SNSI (FSLR-I) |

ई–नीलामी में भाग लेने या ई–नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2739/2025

## सोना 5,080 रुपये की छलांग के साथ 1.12 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** नौ सितंबर (भाषा) अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूती के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 5,080 रुपये की छलांग के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 1,12,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 1,07,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 2,800 रुपये उछलकर रिकॉर्ड 1,28,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछली कारोबारी सत्र में यह 1,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक बाजार में मंगलवार को सोना उछलकर 3,659.27 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इसके बाद यह 3,652.72 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो 16.81 डॉलर यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका में पिछले सप्ताह आए कमजोर रोजगार आंकड़ों से मौद्रिक नीति में नरमी की संभावना बढ़ी है, जिससे निवेशकों का रुझान सोने जैसे सुरक्षित निवेश साधन की तरफ बढ़ा है।

## वाहन कंपनियों के बही-खातों में संचित क्षतिपूर्ति उपकर 22 सितंबर को समाप्त हो जाएगा

**नई दिल्ली।** वाहन कंपनियों के खातों में अनुमानित 2,500 करोड़ रुपये का संचित क्षतिपूर्ति उपकर 22 सितंबर को नई जीएसटी दरें लागू होने के साथ ही समाप्त हो जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फिलहाल वाहनों पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है जो माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की सबसे ऊंची दर है। इसके ऊपर, वाहन की किस्म के आधार पर एक प्रतिशत से लेकर 22 प्रतिशत तक का क्षतिपूर्ति उपकर भी लगाया जाता है। इंजन क्षमता और लंबाई के आधार पर छोटी पेट्रोल कारों पर 29 प्रतिशत का कुल कर लगता है जबकि एसयूवी के मामले में यह 50 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। इस महीने की 22 तारीख से 1,200 सीसी पेट्रोल और 1,500 सीसी डीजल क्षमता वाली कारों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इससे अधिक क्षमता वाली कारों पर सबसे अधिक 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

# आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 314 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों में लिवाली और अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 314 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 95 अंक की बढ़त रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार दूसरे दिन बढ़त में रहा और 314.02 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,101.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 394.07 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 95.45 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 24,868.60 अंक पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवा कारोबारी सत्र है जब निफ्टी में बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से देश की दूसरी बड़ी आईटी सेवा कंपनी इन्फोसिस के शेयर में 5.03 प्रतिशत की तेजी रही। कंपनी ने कहा कि उसका निदेशक मंडल 11 सितंबर को इक्विटी शेयर की पुनर्खरीद के प्रस्ताव पर विचार करेगा। इसके अलावा टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फिनसर्व के शेयरों में भी तेजी बनी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट और एनटीपीसी शामिल हैं।



## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा–निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## एक साल में डेढ़ लाख रुपए के स्तर पर पहुंच सकती है चांदी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की एक रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत औद्योगिक मांग, कमजोर डॉलर और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश प्रवाह के कारण आने वाले महीनों में चांदी की कीमतें 1.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती हैं। इस दृष्टिकोण के अनुसार, वैश्विक बाजारों में, चांदी 50 डॉलर प्रति औंस के स्तर को छू सकती है। चांदी की खपत का अब करीब 60 प्रतिशत हिस्सा औद्योगिक उपयोग में आ रहा है। इसका इस्तेमाल तेजी से सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, 5जी टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक्स में बढ़ रहा है। चीन इसमें अहम रोल निभा रहा है। 2025 की पहली छमाही में चीन ने 127 गीगावाट के पीवी मॉड्यूल्स एक्सपोर्ट किए, जिसने सिल्वर की डिमांड को और ज्यादा बढ़ाया। मोतीलाल ओसवाल का अनुमान है कि भारत में सिल्वर अगले 12–15 महीनों में 1.35 लाख–1.50 लाख रुपए प्रति किलो तक पहुंच सकती है। वहीं, कॉमेक्स सिल्वर 45–50 डॉलर प्रति औंस के बीच ट्रेड कर सकती है। मंगलवार को चांदी का भाव 1,30,000 रुपए प्रति किलो है। इसमें 3,000 रुपए की तेजी आई है। रिपोर्ट साफ कहती है कि बढ़ती औद्योगिक मांग और निवेशकों की दिलचस्पी चांदी की कीमतों को लगातार सपोर्ट कर रही है। चांदी की कीमतों में तेजी की वजह सिर्फ बढ़ती मांग और सप्लाई की कमी नहीं है।

**होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र**
**टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान**
खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, जूनियर साइंस में
**राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम 2025-2026**


कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को 22 और 23 नवंबर, 2025 को भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ (आईएपीटी) द्वारा आयोजित तदनुसार राष्ट्रीय मानक परीक्षाओं (एनएसईएस) (विज्ञान विषयों के लिए) में अवश्य उपस्थित होना चाहिए।

एनएसई में योग्यता 2026 के तदनुसार अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड्स में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है।

नामांकन के लिए :
एनएसईएस : https://www.iapt.org.in (21 अगस्त–14 सितंबर, 2025)
अधिक विवरण के लिए : https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

CBC 48143/12/0007/2526

## शब्द पहेली - 5984




**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर–4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)–4
6.अनाज, धान–2
7.अवनति–3
8.जीवन तत्व–2
10.पुलिसकर्मी–4
11.भीगा हुआ–2
13.घमंडी,अभिमानी–4
15.दर्शन–3
17.अजदहा,शयालु–4
20.वायु रोग–2
21.दोस्त,सखा–3
23.ख्वाब,स्वप्न–3
25.अपशिष्ट पदार्थ–2
26.जंगल की आग–4
29.पुत्र,लड़का–3
31.पैगंबर,महापुरुष–4
32.राय,वोट–2
34.आफिस,दफ्तर–4
35.वीज,वीर्य–2
37.घर,भवन–3
39.सप्तम–2
40.आक्रमण,हमला–4
41.बलवान,सबल–4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी–2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी–4
3.मौसम,ऋतु–2
4.खोदना–3
5.छुट्टी,अवकाश–2
6.उदास,दुखी–4
7.पंख,पराया–2
9.जहीनता–4
10.आवश्यकता–4
12.अभिमान,गरुर–2
14.अग्नि,अनल–2
16.विदा होना–3
18.कुशल–3
19.फलों का रस–2
21.संगम,मिलना–3
22.वायदा–2
24.हार,मात–4
25.स्वार्थी–4
27.दीवार (अंग्रेजी–2)
28.आदत–4
30.यमराज–2
31.उथल–पुथल–4
33.पदक–3
34.श्रवणेंद्रिय–2
36.जीत,विजय–2
38.छोटी सवारी गाड़ी–2
39.पत्नी की बहन–2

**शब्द पहेली- 5983 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |





संसद परिसर में खाली मतपत्र दिखाते राज महासचिव पीसी मोदी



केंद्रीय मंत्री रिजिजू और गोयल, टीएमसी सांसद सुदीप चर्चा करते हुए।

उपराष्ट्रपति चुनाव मतदान प्रक्रिया

# प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले मतदान किया, खास पेन का उपयोग किया गया

## राज्यसभा के महासचिव ने करवाई वोटिंग

राष्ट्रपति चुनाव की तरह उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति होती है। इसके लिए राज्यसभा के महासचिव को चुना जाता है। इस बार पीसी मोदी को रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया था, जिनकी देखरेख में पूरी वोटिंग करवाई गई।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग खत्म हो गई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले वोट किया। पीएम मोदी के बाद तमाम राज्यसभा और लोकसभा सदस्यों ने अपने वोट डाले। विपक्ष के नेता राहुल गांधी, उनकी माता सोनिया गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी मतदान किया।

इसके बाद अधिकतर सांसदों ने मतदान किया। इस चुनाव को गोपनीय बनाने के लिए एक खास तरह की स्याही का इस्तेमाल किया जाता है। इसी स्याही वाली पेन से सांसद वोट कर सकते हैं। लोकसभा की पूर्व महासचिव स्नेहलता श्रीवास्तव ने इसे लेकर पूरी जानकारी दी है।

## गोपनीयता रखने किया विशेष स्याही का उपयोग



*उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एक खास पेन का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे सांसद अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट करते हैं। लोकसभा की पूर्व महासचिव स्नेहलता श्रीवास्तव ने बताया कि पेन में एक विशेष प्रकार की स्याही होती है। यह इसलिए इस्तेमाल किया जाता है, ताकि वोट की गोपनीयता भंग न हो जाए। सभी एक तरह के इंक और पेन से निशान लगाएंगे तो यह बात किसी को पता नहीं चल पाएगी कि किसने किसको वोट दिया है। चुनाव आयोग की तरफ से इस विशेष पेन से वोटिंग की व्यवस्था की गई है। अगर कोई उस पेन का इस्तेमाल नहीं करता है तो वह वोट अमान्य हो जाता है।*

देश के 15वें उपराष्ट्रपति निर्वाचित

# स्वयंसेवक से उपराष्ट्रपति तक सीपी राधाकृष्णन का रहा बेमिसाल सफर

### *1990 के दशक में भाजपा के सांसद, समर्थकों के बीच 'तमिलनाडु के मोदी' के नाम से लोकप्रिय*

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

किशोरावस्था में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 'स्वयंसेवक', जनसंघ से राजनीतिक पारी की शुरुआत, 1990 के दशक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद, समर्थकों के बीच 'तमिलनाडु के मोदी' के नाम से लोकप्रिय और आज देश के दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद के लिए निर्वाचित हुए चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन का सफर निस्संदेह बेमिसाल है।

उपराष्ट्रपति के तौर पर उनका सफर अब अलग तरह का होगा, जिसमें उनके सामने कई चुनौतियां भी होंगी। सबसे बड़ी चुनौती राज्यसभा के सभापति के रूप में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच संतुलन बनाने की होगी, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में विपक्ष ने आसन की निष्पक्षता को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। राधाकृष्णन (77 वर्ष) देश के 15वें उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने विपक्ष के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के भारी अंतर से पराजित किया। अब तक महाराष्ट्र के राज्यपाल की भूमिका रहे 67 वर्षीय राधाकृष्णन किशोरावस्था में ही



आरएसएस और जनसंघ से जुड़ गए थे। वह 1990 के दशक के अंत में कोयंबटूर से दो बार लोकसभा चुनाव जीते और उनके समर्थक उन्हें 'तमिलनाडु का मोदी' कहते हैं। राधाकृष्णन ने 1998 और 1999 में कोयंबटूर लोकसभा सीट से दो बार चुनाव जीता, हालांकि इसके बाद उन्हें इस सीट से लगातार तीन बार हार का सामना करना पड़ा। तमिलनाडु में सभी दलों में उन्हें काफी सम्मान हासिल है और यही वजह है कि भाजपा ने कई राज्यों का राज्यपाल बनाया।

### एक उत्साही खिलाड़ी भी

*एक उत्साही खिलाड़ी राधाकृष्णन टेबल टेनिस में कॉलेज चैंपियन और लंबी दूरी के धावक रहे हैं। ऐसा कहा जाता है कि 2004 में द्रमुक द्वारा राजग से संबंध समाप्त करने के बाद तमिलनाडु में भाजपा के लिए नया गठबंधन बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी।*

### कई राज्यों के राज्यपाल रहे

*राधाकृष्णन ने 31 जुलाई, 2024 को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। इससे पहले, उन्होंने लगभग डेढ़ साल तक झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्य किया। झारखंड के राज्यपाल के रूप में, उन्हें तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था। विभिन्न राज्यों में राज्यपाल पद संभालने के बाद भी, वह अक्सर तमिलनाडु का दौरा करते रहे हैं। अपने हालिया तमिलनाडु दौरे के दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमों में भाग लिया और मुख्यमंत्री स्टालिन से मुलाकात की थी।*

परिचय

### तमिलनाडु के तिरुपुर में वर्ष 1957 को जन्मे

तमिलनाडु के तिरुपुर में 20 अक्टूबर, 1957 को जन्मे राधाकृष्णन के पास व्यवसाय प्रबंधन में स्नातक की डिग्री है। 16 साल की उम्र में आरएसएस के स्वयंसेवक के रूप में शुरुआत करने वाले राधाकृष्णन 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बने। वर्ष 1996 में, राधाकृष्णन को भाजपा की तमिलनाडु इकाई का सचिव नियुक्त किया गया। वह 1998 में कोयंबटूर से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए और 1999 में वह फिर से इस सीट से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। सांसद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने विभिन्न संसदीय समितियों के अध्यक्ष और सदस्य के रूप में कार्य किया। वर्ष 2004 से 2007 के बीच, राधाकृष्णन भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष रहे। इस पद पर रहते हुए, उन्होंने 19,000 किलोमीटर की 'रथ यात्रा' की, जो 93 दिनों तक चली।



निर्मला सीतारमण, अमित शाह, हरिवंश सिंह, राजनाथ सिंह, कंगना, पीयूष गोयल, जयशंकर



मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, शरद पवार, कपिल सिब्बल, राघव चड्ढा

## चुनाव के बीच कांग्रेस ने धनखड़ की चुप्पी पर किए सवाल

देश को मिले नए राज्यसभा के सभापति

# 50 दिन से असामान्य चुप्पी साधी देश को उनके बोलने का इंतजार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान पूरा हो गया और नाम की घोषणा भी कर दी गई। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की चुप्पी पर सवाल उठाए। कांग्रेस ने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति ने बीते 50 दिनों से असामान्य चुप्पी साधी हुई है और देश उनके बोलने का इंतजार कर रहा है। बीती जुलाई में धनखड़ ने अचानक इस्तीफा दो दिया था।

### कांग्रेस नेता जयराम ने एक्स पर किया पोस्ट





*कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में धनखड़ की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए लिखा कि पिछले 50 दिनो से धनखड़ ने असामान्य चुप्पी साध रखी है। आज जब उनके उत्तराधिकारी के लिए चुनाव प्रक्रिया चल रही है तो देश उनके अभूतपूर्व और अप्रत्याशित इस्तीफे के बाद उनके बयान का इंतजार कर रहा है। मोदी सरकार द्वारा किसानों की घोर उपेक्षा और सत्ता में बैठे लोगों के अहंकार से पैदा खतरों आदि पर अपनी चिंता व्यक्त करने के बाद धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था।*

विधानसभा में जासूसी पर बवाल

## सदन की लाइव कार्यवाही यूट्यूब पर प्रसारित हो रही तो कैमरों का क्या औचित्य?

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान विधानसभा में जासूसी के मुद्दे पर बवाल मच गया है। सदन में धर्म स्वतंत्रता विधेयक पर चर्चा से पहले नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कांग्रेस विधायकों की कैमरे लगाकर जासूसी करवाए जाने के आरोप लगाकर सनसनी मचा दी। जूली ने पूछा कि विधानसभा के सदन में कैमरे लगाकर उनकी जासूसी करवाई जा रही है। जूली ने पूछा कि यह कैमरे किसके कहने पर लगवाए गए, इसकी जानकारी सदन को दी जाए। उन्होंने कहा कि हां पक्ष और न पक्ष में जो कैमरे लगवाए गए हैं उनका एंगल कांग्रेस विधायकों की तरफ ही है। जूली बोले कि सदन स्थगित होने के बाद विधायक क्या बात करते हैं, उन्हें इन कैमरों से सुना जा रहा है। जूली बोले कि जब सदन की लाइव कार्यवाही यूट्यूब पर प्रसारित हो रही है तो यह कैमरे किसलिए लगवाए गए हैं?

### धनखड़ को सरकारी आवास आवंटित

**नई दिल्ली(ब्यरो)।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को आखिरकार नया सरकारी आवास आवंटित कर दिया गया है। उन्हें लुटियंस दिल्ली के 34, एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर स्थित टाइप-8 श्रेणी का बंगला मिला है। यह वही श्रेणी है, जो पूर्व राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति जैसे उच्च संवैधानिक पदों से जुड़े व्यक्तियों को नियमों के तहत आवंटित की जाती है। धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए 21 जुलाई 2025 को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद से वे अस्थायी तौर पर दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर क्षेत्र में स्थित आईएनएलडी नेता अभय सिंह चौटाला के फार्महाउस में रह रहे थे।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारनौल**

महेन्द्रगढ़ के थाना अटेली में दिनांक 13 सितम्बर शनिवार को सुबह 11 बजे उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, नारनौल की देखरेख में अटेली थाना में 20 सफेदे के पेड़ों को हटाने के लिए बोली लगाई जाएगी। पेड़ों की बोली लगाकर खरीदने के इच्छुक व्यक्ति शनिवार 13 सितम्बर को सुबह 11.00 एएम पर अटेली थाना में पहुंचकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। बोली के लिए सिक्योरिटी राशि 25 हज़ार रूपए जमा करानी होगी। अन्य नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए फोन नंबर-9728774629 पर संपर्क करें।

पीआरडीएच 1084/11/3873/2026/38543/88/6 दि. 09.09.2025

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 329 दिनांक 07.09.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम-भारती।
पति का नाम- जयकिशन ।
पता - गाँव बिलबिलान गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र - 23 वर्ष।
कद - 5 फुट ।
हुलिया: रंग सांवला, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें हैं।
पहनावा:- चोकलेट रंग का सुट व प्लाजो, पैरो मे हरे रंग की चप्पल पहने हुए है।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 06.09.2025 को भारती पत्नी जयकिशन वासी गाँव बिलबिलान गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कही चली गयी है। अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना सदर गोहाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।
प्रबन्धक थाना सदर गोहाना-7419410545
अनुसंधानकर्ता सुमित 256/ सोनीपत मो० न०-9050767000
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

**हस्ता/-अपराध अभिलेखअधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत**

पीआरडीएच-1084/11/3872/2026/38541/88/6 दि. 09.09.2025


## खरगे और राहुल ने की उच्चस्तरीय बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में वोटर अधिकार यात्रा ख़त्म करने के बाद प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक आहूत की। बैठक में साफ़ कर दिया कि सभी दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने में सीटों को लेकर कुछ मतभिन्नता हो सकती है लेकिन किसी क़ीमत पर सभी को पार्टी अनुशासन में रहकर एकजुटता के साथ चुनावी समर में जाना है। विजिट हो महागठबंधन में झमुमो और पशुपतिनाथ पारस की अगुवाई वाली लोजपा के भी शामिल होने के बाद कांग्रेस, राजद, वामदल, मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी समेत दलों की संख्या आठ हो गई है। जाहिर हैं कांग्रेस पार्टी को अपने हिस्से की भी कुछ सीटें साथी दलों के लिए छोड़नी होगी।


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 66 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल, शाहाबाद में स्विच यार्ड में रोड की मरम्मत और रखरखाव। | 08.09.2025 15.09.2025 | 8256.00 फर्मों हेतु 4128.00 सह. समितियों हेतु | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | नये 33 केवी सब स्टेशन थाना (20 एमवीए) (कैथल) की स्वतंत्र फीडिंग के लिए 132 केवी सब स्टेशन थाना में एक 33 केवी लाइन बे की रचना। | 08.09.2025 24.09.2025 | 2,70,680/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | नये 33 केवी सब स्टेशन चकु लदाना (20 एमवीए) की फीडिंग हेतु 132 केवी सब स्टेशन चकु लदाना में एक 33 केवी लाइन बे की रचना। अनुमोदन कोड 3बी4283* | 08.09.2025 24.09.2025 | 2,13,613/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/38527/I/88/6 दि. 09.09.25

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | नारनौल में एडवांस्ड पुलिस कंट्रोल ऐप आधारित एटीएमएस (ट्रैफिक लाइट्स) सहित महावीर चौक पर सड़क सुरक्षा पैरामीटर्स का सुधार + 7 कार्य। | 08.09.2025 15.09.2025 | 72,24,751/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 [illegible] |
| 2 | नगर परिषद नारनौल | मोती नगर, एम.सी. नारनौल में सूरज ढिल्लों के मकान के निकट गली का निर्माण + 8 कार्य। | 05.09.2025 12.09.2025 | 82,90,306/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38525/I/88/6 दि. 09.09.25

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम, रोहतक में स्थापित स्ट्रीट लाइट्स का वार्षिक रखरखाव। | 08.09.2025 18.09.2025 | 231.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | सुनारियां खुर्द रोहतक में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 08.09.2025 15.09.2025 | 55.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38524/I/88/6 दि. 09.09.25

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका उचाना जीन्द | एम.सी. उचाना में वार्ड नं. 13 में जी.एम.एस.एस.एस. स्कूल, उचाना के साथ-साथ रेलवे फाटक रोड से खेड़ी मशानिया रोड तक आईपीबी गली/राजस्व रास्ता नं. 242 का निर्माण + 1 कार्य। | 08.09.2025 23.09.2025 | 63,40,739/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015224585 mcuchana12@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38550/I/88/6 दि. 09.09.25


## अब कोलकाता में आसानी से मिलेगी हाई-टेक ईवी परीक्षण की बड़ी सुविधा, जोशी आज करेंगे लोकार्पण



**नई दिल्ली।** भारत के सस्टेनेबल गतिशीलता को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के मिशन के अनुरूप केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी बुधवार को कोलकाता के अलीपुर क्षेत्रीय प्रयोगशाला में स्टेट-ऑफ द आर्ट इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) टेस्टिंग सुविधा का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे। एडवांस्ड इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित यह लैब ईवी बैटरियों और उनके घटकों पर टेस्टिंग की सुविधा के काम आएगी।


**प्रेस नोट**

**कार्यालय जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहतक**

विषयः नकारा स्कूल के भवनों की सामग्री की नीलामी करने बारें।

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में जिला स्तरीय कमेटी द्वारा निम्न विद्यालयों के नकारा भवन की बोली की जानी है। अनुमानित राशि सामने अंकित है। अतः इन भवनों की मौके पर नीलामी के लिए तिथि व समय भी सामने अंकित है। नियम व शर्तें पूर्वतः ही लागू रहेंगीः-

| Sr. No. | Name of School building dismantiling as per map | Estimated cost in Lacs | Date | Time | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GPS Bhalot | 864000/- | 24.09.2025 | 10:00 AM | |
| 2 | GPS Sanghi | 403000/- | 24.09.2025 | 01:00 PM | |
| 3 | GMS Jethpur | 56481/- | 26.09.2025 | 01:30 PM | |
| 4 | GPS Samar khurd | 83000/- | 29.09.2025 | 10:00 AM | |

Conditions:

1. Every bidder will have to deposit a sum of Rs. 25000/- in the shape of a Bank Draft Drawn in favour of DEEO Rohtak & payable at Rohtak the undersigned to qualify for bidding which will be refunded at the end of the auction except for the successful bidder.
2. The successful bidder will have to deposit 25% of the amount of bid at the fall of the hammer and the remaining 75% will be deposited after the approval is given to him. In case of failure, all deposited money will be forfeited.
3. An additional amount of 10% of the total bid money will have to be deposited by the successful bidder as security in a Demand Draft in favor of the District Elementary Education Officer Rohtak, which will be refunded after the completion of work.
4. The building is to be demolished and the site should be cleared within one month of the issue of approval, failing which the remaining salvage will be taken by the Government. Possession and no claim whatsoever will be entertained.
5. Any information in this regard can be obtained from the office of the District Elementary Education Officer Rohtak.
6. The jurisdiction of the court for any dispute between the parties will be at Rohtak.
7. In case due to unavoidable circumstances the possession of the building to be dismantled is not given in time, then no extra compensation will be paid to the contractor; only an extension in time will be granted.

**हस्ता/-जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी**
**रोहतक**

पीआरडीएच 1132/11/89/2026/38512/88/6 दि. 09.09.2025

चिंतन

# आंदोलन के पीछे केवल सोशल मीडिया बैन नहीं

नेपाल में जो हो रहा है, उसे किसी भी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता। सोशल मीडिया बैन के खिलाफ शुरू हुए आंदोलन ने पूरी सरकार को ही खदेड़ दिया है। संसद भवन के साथ पीएम, राष्ट्रपति और गृहमंत्री के आवास में तोड़फोड़ और आगजनी हुई। राजधानी काठमांडू में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं और सुरक्षा बल हालात को काबू में लाने में नाकाम दिख रहे हैं। देश में हिंसक प्रदर्शनों ने हालात को और बिगाड़ दिया है। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पीएम झलनाथ खनाल के घर में आग लगा दी। घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार थीं। वह गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पीएम केपी ओली इस्तीफा देकर हेलिकॉप्टर से भागते दिखे। इस सीन ने पिछले साल बांग्लादेश में हुए तख्तापलट की याद दिला दी। जब शेख हसीना को हेलिकॉप्टर से भागना पड़ा था। उससे पहले श्रीलंका में भी ऐसे ही तख्तापलट हुआ था। आंदोलन का कारण 4 सितंबर को नेपाल सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर बैन के आदेश को बताया जा रहा है। इसके बाद हामी नेपाल नाम का एनलीओ चलाने वाले सुदान गुरंग ने इंस्टाग्राम पर युवाओं से स्कूल यूनिफॉर्म और स्कूली बैग लेकर सड़क पर उतरने को कहा। 8 सितंबर को नेपाल की संसद के सामने प्रोटेस्ट शुरू हुआ। ये आंदोलन सिर्फ सोशल मीडिया बैन के खिलाफ नहीं था। हामी नेपाल ने इसका आह्वान करते हुए पोस्ट में लिखा, लंबे अरसे से करप्शन ने हमारे सपने, हमारा फ्यूचर और देश की गरिमा को खत्म किया है। हम देख रहे हैं कि नेता अमीर होते जा रहे हैं और आम लोगों को जीने के लिए तक संघर्ष करना पड़ रहा है, लेकिन अब और नहीं। बस देखते ही देखते आंदोलन ने हिसंक रूप ले लिया। गड़बड़ तब हुई जब सरकार ने आंदोलन को दबाने के लिए गोली चलाने के आदेश दे दिए। जिसमें अब तक 22 लोग मारे गए। बच्चों पर गोली चलवाने की खबर फैलते ही आंदोलन और भी ज्यादा हिंसक हो गया। युवाओं के साथ-साथ आम जनमानस भी आंदोलन से जुड़ गया। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगा दी। पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा को घर में घुसकर पीटा। वित्त मंत्री विष्णु पोडौल को काठमांडू में उनके घर के नजदीक दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड, शेर बहादुर देउबा और संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग के निजी आवासों को भी आग के हवाले कर दिया। प्रधानमंत्री केपी ओली के अलावा सरकार में शामिल 4 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। असल में 90 के दशक से ही नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल रही है। पहले राजशाही, फिर संवैधानिक राजशाही आई और फिर लोकतांत्रिक सरकार आई, लेकिन नेपाल का करप्शन खत्म होना तो दूर बढ़ता चला गया। जिससे आम जनता में रोष बढ़ रहा था। इससे पहले जब एक सरकार के खिलाफ विरोध का माहौल बनता था तो दूसरे नेता आगे आ जाते थे और देश में चुनाव करवाकर केपी ओली, शेर बहादुर देउबा और प्रचंड के बीच सरकार का ट्रांसफर होता रहता था। इस बार गुस्सा इन सभी सीनियर नेताओं को लेकर है। इनमें से कोई भी जनता को भरोसे में नहीं ले पा रहा। ऐसे में अभी यह नहीं कहा जा सकता कि आगे नेपाल की सत्ता कौन चलाएगा। क्या फौज काबिज होगी, कोई अंतरिम सरकार बनेगी या दोबारा चुनाव होंगे, अभी इस पर कुछ भी कह पाना मुश्किल है। हां यह सही है कि सत्ता कैसी भी, किसी की भी हो, युवाओं की अनदेखी नहीं कर पाएगी। यह आंदोलन नेपाली नेताओं के लिए सबक भी है।



फिलहाल
संतोष कुमार भार्गव

# धीरे-धीरे नरम पड़ेंगे ट्रंप के तेवर

ट्रंप ने भारत से संबंधों को 'बहुत खास' बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी दोस्ती की बात भी कही। जबकि उनकी सरकार ने भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसके साथ ही भारत के रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी थोपा है। इससे कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। 50 फीसदी टैरिफ के बाद जिस तरह का तनाव बन गया था, अब ट्रंप के बदलते सुर को देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों पर तनाव की बर्फ पिघल रही है। हालांकि टैरिफ पर अभी कोई आधिकारिक बात नहीं हुई है, लेकिन तनाव कम होता दिख रहा है।

भा अमेरिकी राष्ट्रेपति डोनाल्डह ट्रंप के तेवर नरम पड़ गए हैं। उन्हें एहसास हो गया है कि भारत किसी भी देश के सामने झुकने वाला नहीं है। पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फैबियन ने ट्रंप के पोस्टक और उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया का मतलब समझाया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप को अब समझ आ रहा है कि उनकी आक्रामक व्यापारिक धमकियां नाकाम साबित हो रही हैं। हाल में ट्रंप ने भारत-अमेरिका संबंधों को 'बहुत-बहुत खास' बताया था। फैबियन ने जोर देकर कहा कि भारत, भारत है। यह एक सभ्यता वाला देश है। भारत किसी भी देश का पिछलग्गू नहीं बन सकता। भारत सबके साथ दोस्ती चाहता है। व्यापार करना चाहता है। लेकिन, भारत किसी की तानाशाही नहीं मानेगा।

यह बात ट्रंप की ओर से भारत-अमेरिका संबंधों पर नरम रुख अपनाने के बाद आई है। ट्रंप ने इन संबंधों को 'बहुत खास' बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी दोस्ती की बात भी कही। जबकि उनकी सरकार ने भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसके साथ ही भारत के रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी थोपा है। इससे कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। 50 फीसदी टैरिफ के बाद जिस तरह का तनाव बन गया था, अब ट्रंप के बदलते सुर को देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों पर तनाव की बर्फ पिघल रही है। हालांकि टैरिफ पर अभी कोई आधिकारिक बात नहीं हुई है, लेकिन तनाव कम होता दिख रहा है। दोनों ही नेताओं के ताजा बयान इस बात के संकेत दे रहे हैं कि दोनों देशों के बीच बिगड़े रिश्ते धीरे-धीरे सामान्य हो सकते हैं। आपको बता दें कि फिलहाल अमेरिका के द्वारा भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत टैक्स जारी है।

वर्तमान में विश्व के तमाम देशों से व्यापार और राजनीतिक संबंध रखना सबके लिए जरूर है। बात अगर भारत और अमेरिका के व्यापारिक संबंधों की कि जाए तो 'एप्पल' ने भारत से 67,000 करोड़ रुपये कमाए हैं। 'अमेजन' ने 40,000 करोड़ रुपये कमाए हैं। 'गूगल' ने 22-23,000 करोड़ रुपये बनाए हैं और 'मेटा' ने भी लगभग इतनी ही कमाई की है। ये सभी अमरीकी कंपनियां हैं और भारत उनका सबसे बड़ा बाजार है। भारत में इनके प्लांट भी सक्रिय होंगे अथवा स्थापित होने की प्रक्रिया में होंगे! ऐसी कई और अमरीकी कंपनियां होंगी, जो भारत में व्यापार कर रही हैं और मोटा मुनाफा कूट रही हैं। इन कंपनियों के सबसे अधिक ग्राहक और उपयोगकर्ता भी भारत में हैं। यह मुनाफा अमरीका में ही जा रहा है।

राष्ट्रपति ट्रंप अब भारत के बारे में क्या सोच रहे हैं? चूंकि अमरीकी कंपनियां भारत में उत्पादन कर रही हैं और माल अमरीकी बाजार में जा रहा है, क्या राष्ट्रपति ट्रंप इन उत्पादों पर भी 50 फीसदी टैरिफ थोपेंगे? बल्कि ट्रंप हररोज टैरिफ पर सफाई दे रहे हैं। भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के सूत्रों का मानना है कि राष्ट्रपति ट्रंप 100 दिनों के अंतराल में टैरिफ पर पुनर्विचार कर अपने फैसले को वापस ले सकते हैं, लिहाजा उन्होंने सर्वोच्च अदालत से आग्रह किया है कि वह टैरिफ मामले पर यथाशीघ्र सुनवाई कर उसे 'वैध' करार दे। अदालत नवंबर माह में सुनवाई शुरू करेगी, यह पहले से



ही तय है।

राष्ट्रपति ट्रंप इसलिए भी चिंतित हैं, क्योंकि दुनिया दो ध्रुवों के बीच बंटती जा रही है और अमरीका को 'शीत युद्ध' एक बार फिर शुरू होने की आशंका है। अमरीका की ताकत भी बंटती जा रही है। अब देश अमरीका की 'दादागीरी' मानते रहने को तैयार नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और अमरीकी मंत्री अब भी भारत को अपना 'परम मित्र' मानते हैं। अमरीकी विशेषज्ञ भी मानते हैं कि देश के राष्ट्रपतियों ने दशकों की मेहनत, कूटनीति, दूरदर्शिता और देशों की लामबंदी के जरिए जो ताकत अर्जित की थी और अमरीका को सबसे बड़ी 25 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था तक पहुंचाया था, राष्ट्रपति ट्रंप उस पर पानी फेर रहे हैं। भारत को 50 फीसदी टैरिफ से अमरीका ने दबाव में लाने की रणनीति बनाई, लेकिन भारत दूसरे ध्रुव पर रूस और चीन के साथ मिल गया।

उसके समर्थन में 50 अन्य देश, ब्रिक्स और एससीओ के देश आ खड़े हुए। भारत के वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक साक्षात्कार में खुलासा किया है कि भारत का ऑस्ट्रेलिया और ओमान के साथ व्यापार का करार शीघ्र ही होने जा रहा है। भारत की 50 अन्य देशों के साथ भी निर्यात की संभावनाओं पर बातचीत जारी है। अमरीका के साथ भी नवंबर तक व्यापार-समझौता होना लगभग तय है। भारत आगामी दो सालों के भीतर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। सवाल यह है कि ट्रंप को भारत से दिक्कत है अथवा रूस और चीन से?

भारत ने पलट कर अमरीका पर कोई टैरिफ नहीं थोपा है। अमरीकी कंपनियां भारत की सार्वजनिक और निजी कंपनियों से अरबों डॉलर के करार कर रही हैं। अमरीकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे अधिकारी ने अमरीका में मंदी की संभावनाओं को लेकर राष्ट्रपति को सचेत किया है। ऐसे भी विश्लेषण सामने आए हैं कि एक-तिहाई उद्योग पहले से ही आर्थिक संकट झेल रहे हैं। ऐसे में भारत के साथ कारोबार कम क्यों किया जा रहा है? टैरिफ का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि रूस के साथ भारत, चीन के अलावा अमरीका और यूरोपीय देश भी तेल और गैस का धंधा कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप को आरोप लगाने की अपनी आदत को सुधारना चाहिए। उन्होंने अब चीन पर आरोप चस्पां किया है कि वह अमरीका के खिलाफ साजिश रच रहा है। दरअसल बदलते वैश्विक परिदृश्य में अमरीका अकेला पड़ता जा रहा है। अच्छे संबंधों को सिर्फ टैरिफ तक सीमित कर देखना ट्रंप और अमरीका के लिए नुकसानदायक होगा। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जब शीत युद्ध शुरू हुआ था, तब भी भारत दोनों ध्रुवों से अलग, अपनी गुटनिरपेक्षता के लिए, मजबूती से खड़ा था। बहरहाल जो भी निर्णय लेना है, राष्ट्रपति ट्रंप और अमरीका को लेना है।

अब सवाल है कि भारत को क्या करना चाहिए? अगर ट्रंप नरम पड़ रहे हैं, तो यह नरमी अभी नीतिगत नहीं है। यह तभी वास्तविक होगी जब शर्तों पर बातचीत होगी और टैरिफ राहत पर कागजी कार्रवाई पूरी हो जाएगी। जीजीआई की ओर बहुत अधिक झुकाव अमेरिकी दबाव से राहत पाने में रुकावट का जोखिम पैदा कर सकता है। हालांकि, वाशिंगटन की ओर बहुत अधिक झुकाव, बदले में, भारत के प्रभाव को कम कर देगा। भारत को इस नरमी को खुले मानकों के लिए एक सहारा के रूप में देखना चाहिए, न कि वैश्विक निवेश साझेदारी यानी जीजीआई के दायरे को बंद करने वाले संरेखण के रूप में। दोनों रास्तों में संतुलन बनाकर ही भारत के आगे के विकल्प तय होने चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विशेष
डॉ. जयपाल मेहरा




# जिंदगी के लूप में कहीं खो न जाए इंसानियत का जुड़ाव

सुबह उठे, अलार्म बंद किया, मोबाइल पर दस नोटिफिकेशन... फोन उठाया, बाथरूम गए, नहाते-नहाते रील्स देखीं, नाश्ता किया और ऑफिस निकल गए। ऑफिस पहुंचे, कंप्यूटर ऑन किया, चार ईमेल, पांच मीटिंग्स... दोपहर हो गई। लंच टाइम में फोन स्क्रॉल किया, दोस्तों की शादी की तस्वीरें देखीं, किसी के बच्चे का वीडियो देखा... 'लाइक' कर दिया। शाम हुई, घर आए, खाना खाया और सोने से पहले फिर वही मोबाइल... और फिर सो गए। कल फिर यही दोहराना है। जिंदगी का लूप चल रहा है। एक दिन अचानक दिमाग में ख्याल आता है कि ये सब क्यों? अगर मैं आज नौकरी छोड़ दूं, तो कल सुबह मेरी जगह कोई और बैठा होगा। मेरा कंप्यूटर पासवर्ड तक भी कंपनी भूल जाएगी। ऐसा लगता है जैसे जिंदगी एक टूटे हुए रिकॉर्ड की तरह एक ही गाना बजाए जा रही है, और आप उसके बोल याद करके थक चुके हैं। ये कोई नई हैरान करने वाली बात नहीं लिखी है मैंने, हर दस में से आठ लोगों कि यही कहानी है। बुजुर्गों को लगता है कि उनको कोई सुनता नहीं है, युवाओं को लगता है कि उनको कोई समझता नहीं है। यही फीलिंग, यही अकेलापन, धीरे-धीरे अंदर ही अंदर इंसान को खोखला कर देता है। इस टेक्नोलॉजी के इस युग में हमने भावनात्मक संबंधों को कहीं खो दिया है। अंग्रेजी में क्या कहते है उसको, इमोशनल कनेक्शन..हां वहीं।

आजकल हमारे पास 500 फ्रेंड्स हैं फेसबुक पर और 200 कॉन्टैक्ट्स व्हॉट्स ऐप पर, लेकिन क्या कोई है जिसे हम रात 2 बजे बिना सोचे मैसेज कर सकें? हमने डिजिटल दुनिया में सैकड़ों कनेक्शन बना लिए, लेकिन असली दुनिया में उस एक इंसान को खो दिया जिसके साथ दो कप चाय पर दिल की हर बात कह सके। हमारी सबसे बड़ी समस्या यही है कि हम उस कल के लिए टेंशन में हैं जिस कल में शायद हम है ही नहीं। अब क्या पता ऊपर वाले ने हमारी टिकट पहले ही एडवांस बुक कर रखी हो। क्या पता कब, कहां और क्या आखिरी हो। इसलिए आज को जीना सीखो। शाररुख खान की 2003 में आई फिल्म के वो बोल, हर पल यहां..जी भर जीयो... जो है समां.. कल हो ना हो एकदम सटीक बैठते हैं। दुनिया में 800 करोड़ से ज्यादा लोग हैं और इसमें से आपको यह समझाना कि आपके लिए कोई नहीं है... ये गणित के नियमों के भी खिलाफ है! उस एक इंसान को ढूंढिए जो कंधे पर हाथ रखकर कहे कि सब ठीक हो जाएगा यार, एक ऐसी हंसी जो बिना किसी फिल्टर के सुनाई दे और एक ऐसा कान जो बिना हमें जज किए बस सुन ले कि क्या भसड़ मची है और इसे ही कहते हैं इमोशनल कनेक्शन। वो खास इंसान कोई भी हो सकता है जैसे बेस्ट फ्रेंड, पार्टनर, मां-बाप, या कोई आपका अच्छा सहकर्मी। पर इस लूप से भी बड़ा एक सदमा है जो हमारे युवाओं को झेलना पड़ रहा है। कितनी ही बार एक छात्र ये सोचकर हार मान लेता है कि उसका आने वाला कल सिर्फ एक कागज़ के टुकड़े पर निर्भर है। वो सब कुछ अंदर ही अंदर घुटता रहता है, और एक दिन... एक गलत फैसला कर बैठता है। क्या उसके सपनों, उसकी कला, उसकी मेहनत की कीमत सिर्फ 90% है? बिल्कुल नहीं! माँ-बाप को भी चाहिए कि बातचीत को एक रिपोर्ट कार्ड में समेटने और फोन पर.. बेटा टेस्ट में कितनी रैंक आई? याद रखो, बहुत पैसा लगा रहे हैं तुम पर, कुछ बनकर ही घर लौटना कहने कि बजाए बस पूछ लीजिए कि कोई दिक्कत तो नहीं नए शहर में ... कोई बात हो... तो बस इतना याद रखना, हम हैं तुम्हारे साथ, हमेशा। ये बात नहीं है कि पढ़ाई और करियर जरूरी नहीं। बिल्कुल हैं, पर उससे भी ज्यादा जरूरी है आपका बच्चा और उसका मानसिक स्वास्थ्य। कभी - कभी यूं ही बेवजह अपने बच्चों को गले लगा लिया करो क्योंकि इतिहास गवाह है कि बेटों को जीवन में एक बार ही पिता के गले लगने का मौका मिलता है जब वो कामयाब हो जाते हैं और बेटियों को, जब वो विदा होती हैं। तो जब अगली बार फोन लगे तो पहला सवाल नंबरों के बारे में नहीं, उसके बारे में हो। यही वह भावनात्मक जुड़ाव है जो हमें इंसान बनाता है। जब यह टूटता है, तो इंसान टूट जाता है। आत्महत्या के आंकड़े इसी अकेलेपन की चीख हैं। जिंदगी जीने के लिए बहुत छोटी है, लेकिन शिकायत लेकर मरने के लिए बहुत लंबी। हमारी असफलता अंत नहीं है, बल्कि एक नई शुरुआत का संकेत है। हर किसी की एक कहानी होती है। कुछ कहानियां इतिहास बन जाती हैं और कुछ दर्द की मारी, इंसान के साथ ही दफन हो जाती हैं। खुद के साथ ऐसा ना होने दें, दूसरों की सुने और खुद की सुनाएं और परफेक्शन से ज्यादा क्नेकशन बनाएं।

( लेखक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## प्रेम व स्नेह के साथ मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।


## पैसा, सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गई। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हानिकारक खरपतवार, गाजर घास

गाजर घास (पार्थेनियम हिस्ट्रोफोरस), जिसे तारा घास के नाम से भी जाना जाता है। अमेरिका, एशिया और अफ्रीका में यह एक मुख्य और हानिकारक खरपतवार है। हमारे देश में इसका प्रवेश 1950 में अमेरिका और कनाडा से आयातित गेहूं के साथ हुआ था। बरसात के मौसम में इस घास की प्रचुर मात्रा में वृद्धि होती है, लेकिन यह पौधा हर तरह के वातावरण में तेजी से उठकर फसलों, मनुष्य और पशुओं के लिए एक गंभीर समस्या है। इसे अक्सर खाली पड़ी जमीनों, सड़कों, रेलवे ट्रैक और बंजर भूमि पर देखा जाता है। गाजर घास एलर्जी संबंधित समस्याओं का मुख्य कारण है। इसके सेवन से पशुओं में खुजली और दूध में कड़वापन आ जाता है।

*- मदन यादव, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### किम ने नए रॉकेट इंजन के परीक्षण की निगरानी की



उत्तर कोरिया ने मंगलवार को कहा कि उनके नेता किम जोंग उन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) के लिए डिजाइन किए गए एक नए रॉकेट इंजन के परीक्षण की निगरानी की। आईसीबीएम एक ऐसी मिसाइल होती है जो एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक मार कर सकती है। इसे लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली मिसाइल कहा जाता है। उत्तर कोरिया की सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने अपनी खबर में बताया कि ठोस ईंधन चलित रॉकेट इंजन का नौवां और अंतिम जमीनी परीक्षण सोमवार को किया गया। यह इंजन कार्बन फाइबर से बना है और 1,971 किलोन्यूटन की ताकत पैदा कर सकता है, जो पहले के मॉडलों की तुलना में अधिक शक्तिशाली है। किम ने एक सप्ताह पहले उस शोध संस्थान का निरीक्षण किया था, जिसने यह इंजन विकसित किया है। इसके बाद ही परीक्षण की यह खबर सामने आई है। उस समय किम के निरीक्षण के दौरान उत्तर कोरिया ने कहा था कि यह इंजन भविष्य में अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए इस्तेमाल होगा, जिसमें 'ह्वासोंग-20' नामक प्रणाली भी शामिल है। पिछले कुछ वर्षों में उत्तर कोरिया ने कई तरह की अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है।

## ऑफ बीट

### संरक्षित सब्जियां क्यों बन सकती हैं जानलेवा



दक्षिणी इटली के एक फूड ट्रक से जुड़ी खाद्य जनित बीमारी हाल ही में दो लोगों की मौत और दर्जनों को अस्पताल पहुंचाने का कारण बनी। इसका कारण संरक्षित सब्जियों में मौजूद क्लॉस्ट्रिडियम बोटुलिनम नामक बैक्टीरिया था, जो बोटुलिज़्म नामक एक घातक बीमारी के लिए जिम्मेदार है। ब्रोकली के एक विशेष खेप को लेकर ब्रिटेन की फूड स्टैंडर्ड्स एजेंसी ने भी हाल ही में चेतावनी जारी की है। आशंका जताई जा रही है कि उसमें भी बोटुलिनम विषाणु हो सकता है। कैसे बनता है यह ज़हर : कैनिंग प्रक्रिया के दौरान भोजन से हवा निकाल दी जाती है और उसे कसकर बंद कर दिया जाता है, जिससे एक ऑक्सीजन-रहित (एनेरोबिक) वातावरण बन जाता है। आमतौर पर यह प्रक्रिया भोजन को लंबे समय तक सुरक्षित रखती है, लेकिन यह वातावरण क्लॉस्ट्रिडियम बोटुलिनम के लिए आदर्श स्थितियां भी पैदा कर सकता है। इस बैक्टीरिया के बीजाणु यानी स्पोर आम तौर पर मिट्टी में पाए जाते हैं और यह उच्च तापमान पर पकाने के बावजूद जीवित रह सकते हैं। खासकर ब्रोकली, हरी फलियां, मक्का, चुकंदर और मटर जैसे कम अम्लीय खाद्य पदार्थों में, यदि कैनिंग प्रक्रिया पर्याप्त गर्म या लंबी नहीं हुई हो, तो ये बीजाणु सक्रिय होकर ज़हर पैदा कर सकते हैं।

## ट्रेंड

### दौरा किया



बाढ़ और भूस्खलन के बाद की स्थिति का जायजा लेने के लिए आज हिमाचल प्रदेश और पंजाब का दौरा किया और प्रभावित लोगों से बातचीत की। भारत सरकार इस दुखद घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### लोकतंत्र की शक्ति



उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 में मतदान के लिए सभी माननीय सांसदों का धन्यवाद। अब हम मतगणना और परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सदस्यों की सामूहिक इच्छाशक्ति हमारे संसदीय लोकतंत्र की सच्ची भावना को दर्शाती है। यही हमारे लोकतंत्र की शक्ति है।

- किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री

### विशेष महसूस कर रहा



धैर्य से लाइन में लगे, 3 घंटे की तपस्या हुई, परन्तु मतदान करने के बाद बहुत ही विशेष महसूस कर रहा हूं। आज लोकतंत्र के इस महान पर्व पर संसद भवन में भारत के उपराष्ट्रपति चुनाव में अपना मतदान किया।

- मनोज तिवारी, भाजपा सांसद

### पैरों पर खड़ा करना



हमें पंजाब को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करना है। हम जानवरों के लिए चारा, सैनिटरी पैड, गद्दे, तिरपाल, ये सभी चीजें बांट रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि वह यहां आ रहे हैं।

- सोनू सूद, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# एशिया कप हॉकी : भारत का आज कोरिया से मुकाबला, जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

पूल चरण में शानदार प्रदर्शन कर अविजित रही भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप के सुपर चार चरण के अपने पहले मैच में बुधवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपनी प्रभावशाली लय को जारी रखने की कोशिश करेगी। भारत ने इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत धमाकेदार तरीके से करते हुए थाईलैंड को 11-0 से रौंदा, इसके बाद जापान के खिलाफ 2-2 ड्रॉ खेला। भारत ने अपने अंतिम मैच में सिंगापुर को 12-0 से हराकर पूल बी में गोल अंतर के आधार पर जापान से आगे रहते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत इस लय को बनाए रखते हुए खिताब जीतने और अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेगा।

## कोरिया के बाद चीन व जापान से मुकाबला

विश्व रैंकिंग में 10 वें नंबर पर काबिज भारत सुपर चार चरण में विश्व रैंकिंग में 16 वें स्थान की टीम कोरिया के खिलाफ जीत के दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगा। कोरिया के बाद भारत बृहस्पतिवार को खिताब के दावेदार चीन के खिलाफ खेलेगा, उसके बाद शनिवार को जापान से भिड़ेगा। भारत व कोरिया दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मुकाबलों में भारत ने तीन बार जीत हासिल की है , जबकि कोरिया ने एक बार विजयी रहा है। एक मैच ड्रॉ रहा। भारत के पास ऐसे में मनोवैज्ञानिक बढ़त होगी।

सुपर चार के मुकाबले शुरू



## भारत की इन खिलाड़ियों पर टिका दारोमदार

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर और मुमताज खान पूल स्टेज में पांच - पांच गोल कर शानदार लय में हैं। उनसे उम्मीद होगी कि वे अपनी लय बरकरार रखते हुए टीम को फाइनल में पहुंचाने में अपना योगदान दे। नवनीत, मुमताज और ललरेमसियामी को सिंगापुर के खिलाफ कोई चुनौती नहीं मिली और उन्होंने मौके का पूरा फायदा उठाया। नवनीत और मुमताज ने सिंगापुर के खिलाफ 12-0 की जीत में हैट्रिक जमाई। मिडफील्ड में नेहा, उदिति, शर्मिला और रुतुजा पिसाल ने भी टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

## सुपर चार चरण का ऐसा है शेड्यूल

सुपर चार चरण में भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया एक-दूसरे के खिलाफ एक- क मैच खेलेंगे। तालिका में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि बाकी दो टीमें तीसरे और चौथे स्थान के लिए भिड़ेंगी। भारत ने पूल चरण में शानदार प्रदर्शन कर सुपर चार में जगह बनाई है जबकि कोरिया ने पूल ए में दो जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए सुपर चार के लिए क्वालीफाई किया।

## टीम के प्रदर्शन से खुश : कोच हरेंद्र

भारत के कोच हरेंद्र सिंह पूल स्टेज में अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हैं। उन्होंने कहा हम टूर्नामेंट में टीम की शुरुआत से संतुष्ट है। खिलाड़ियों ने कमाल का जज्बा दिखाया है। हमारी टीम आक्रमण कर मौके का पूरा फायदा उठाने में सफल रही है। पूल चरण हमें अपनी गति बनाये रखने के साथ विभिन्न खेल शैलियों के खिलाफ खुद को परखने का अच्छा मौका मिला। सुपर चार चरण में हालांकि एक अलग चुनौती होगी क्योंकि हमें कोरिया, चीन और जापान जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीमों का सामना करना है।

## भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा चीन

भारतीय कोच ने कहा हमें पता है कि सुपर चार चरण में भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज चीन है। टीम अगर फाइनल में पहुंचने में सफल रही तो वहां भी उसके सामने चीन की चुनौती होने की अधिक संभावना होगी। ऐसे में भारत के सामने कोरिया के खिलाफ मैच के बाद चीन को मात देने के लिए कारगर रणनीति तैयार करने की चुनौती होगी।

## खबर संक्षेप



### भारत की अगुवाई करेंगे रक्षित और अंशुल

**दुबई।** मौजूदा अखिल भारतीय एमेच्योर चैंपियन अंशुल मिश्रा और रक्षित दहिया 23 से 26 अक्टूबर तक यहां होने वाली 16वीं एशिया पेसिफिक एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। मौजूदा प्रवेश सूची के अनुसार भारत से दहिया और मिश्रा के अलावा राघव गुलाटी और रणवीर मित्रो भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इन चारों खिलाड़ियों को अच्छा-खासा अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। इस टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ी को 2026 में मास्टर्स टूर्नामेंट में खेलने का निमंत्रण मिलेगा जबकि उपविजेता खिलाड़ी क्वालीफाइंग सीरीज में भाग लेगा। इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के 120 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

### ट्यूनीशिया ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**ट्यूनिस।** मोहम्मद अली बेन रोमधाने के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में किए गए गोल की मदद से ट्यूनीशिया ने इक्वेटोरियल गिनी पर 1-0 से जीत दर्ज करके फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। ट्यूनीशिया को अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप में जगह पक्की करने के लिए दो मैच बाकी रहते जीत की ज़रूरत थी। वह ग्रुप एच में आठ मैचों में 22 अंकों के साथ शीर्ष पर है। वह दूसरे स्थान पर मौजूद नामीबिया से 10 अंक आगे है। ट्यूनीशिया ने क्वालीफाइंग में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है। ट्यूनीशिया ने कुल सातवीं और लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है। वह विश्व कप में 2018 और 2022 में ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था।

### टोनाली ने इटली को विश्व कप क्वालीफाइंग में इज़राइल पर जीत दिलाई

**डेब्रेसेन।** सैंड्रो टोनाली के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से इटली ने यूरोपीय फ़ुटबॉल विश्व कप क्वालीफाइंग में सोमवार को इजराइल के खिलाफ नौ गोल वाले रोमांचक मुकाबले में 5-4 से जीत हासिल की। इस तरह से इटली ने अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इटली ने मोइज़ कीन के दो गोल की मदद से बराबरी की। इसके बाद 59वें मिनट में माटेओ पोलिटानो ने माटेओ रेटेगुई ने इटली को बढ़त दिलाई और जियाकोमो रास्पाडोरी ने चौथा गोल किया।

### बैजबॉल को लेकर गलतफ़हमी खिलाड़ियों का अनादर: ब्रेंडन

**लंदन।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि क्रिकेट का बैजबॉल ब्रांड कोई कड़ी खेल शैली नहीं है बल्कि यह खिलाड़ियों को स्वच्छंद होकर खेलने की छूट देने से जुड़ा है तथा इसको लेकर गलत धारणाएं खिलाड़ियों के लिए अपमानजनक है। मैकुलम ने 2022 में इंग्लैंड की टेस्ट टीम की कमान संभाली और आक्रामक अंदाज में क्रिकेट खेलने को प्राथमिकता दी।



## एशिया कप 2025 : मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से

# भारत-यूएई की भिड़ंत आज, दोनों के बीच अब तक हुआ है सिर्फ एक मैच जो भारत ने जीता

एजेंसी ▶▶| दुबई

एशिया कप 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम अपने पहले मैच में यूएई क्रिकेट टीम से आज 10 सितंबर को भिड़ेगी। सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में युवा टीम जोरदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करना चाहेगी।

दूसरी तरफ मुहम्मद वसीम के नेतृत्व में यूएई की टीम अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए कड़ी चुनौती देने का प्रयास करेगी। भारत और यूएई के बीच होने वाला अगला मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आज 10 सितंबर को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा।




### भारत ने यूएई के खिलाफ जीता है अपना इकलौता मैच

अब तक दोनों देश सिर्फ 1 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आमने-सामने हुए थे, जिसे भारतीय टीम ने जीता था। एशिया कप 2016 की इकलौती भिड़ंत में यूएई की टीम निर्धारित 20 ओवर खेलने के बाद 81/9 का स्कोर बनाया था। इसके जवाब में भारतीय टीम ने 10.1 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था। ढाका में खेले गए उस मुकाबले में भारतीय टीम से रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 39 रन बनाए थे।




### जितेश को मिल सकता है मौका

भारतीय टीम से शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा पारी की शुरुआत करते हुए दिख सकते हैं। ऐसे में संजू सैमसन बेंच पर नजर आ सकते हैं और आईपीएल 2025 में मैच फिनिशर की भूमिका में नजर आने वाले जितेश शर्मा बतौर विकेटकीपर खेल सकते हैं।

**इन पर होंगी नजरें :** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार ने दुबई में 8 टी-20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में 36.20 की औसत और 158.77 की स्ट्राइक रेट से 181 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में बुमराह ने दुबई में 4.77 की इकॉनमी रेट के साथ कुल 6 विकेट लिए हैं। वहीं यूएई के कप्तान वसीम ने इस साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक 13 पारियों में 31.30 की औसत और 156.53 की स्ट्राइक रेट से 407 रन बनाए हैं। यूएई की टीम एक बार फिर अलीशान शराफू और कप्तान मुहम्मद वसीम की सलामी जोड़ी के साथ नजर आ सकती है। हाल ही में त्रिकोणीय टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले वसीम अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने का प्रयास करेंगे।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत एकादश:** शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह।

**यूएई एकादश:** मुहम्मद वसीम (कप्तान), मुहम्मद जोहैब, आसिफ खान, अलीशान शराफू, राहुल चोपड़ा (विकेटकीपर), हर्षित कौशिक, हैदर अली, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद रोहिद खान, जुनैद सिद्दीकी और सिमरनजीत सिंह।

## दलीप ट्रॉफी 2025

# ट्रॉफी पर कब्जा जमाने कल साउथ और सेंट्रल जोन में होगी भिड़ंत



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

दलीप ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला साउथ जोन और सेंट्रल जोन के बीच 11 सितंबर से खेला जाएगा। पहला सेमीफाइनल साउथ जोन और नॉर्थ जोन के बीच ड्रॉ रहा, जिसमें पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल करने के चलते साउथ जोन ने फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, सेंट्रल जोन और वेस्ट जोन के बीच मुकाबला भी ड्रॉ रहा और बढ़त बनाने वाली सेंट्रल जोन ने खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला 11 सितंबर से 15 सितंबर तक बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड में होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा।

- मैच 11 से 15 सितंबर तक बेंगलुरु में सुबह 9 :30 बजे से

### ऐसा रहा पहला सेमीफाइनल मुकाबला

पहले सेमीफाइनल में साउथ जोन ने एन जगदीशन के बड़े शतक (197) की बदौलत 536 रन बनाए। जवाब में नॉर्थ जोन की टीम शुभम खजूरिया के शतक (128) के बावजूद 361 रन ही बना सकी। बढ़त हासिल करने वाली साउथ जोन ने दूसरी पारी में जब 95/1 का स्कोर बनाया था, तब मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस बीच जगदीशन ने अपनी दूसरी पारी में नाबाद 52 रन बनाए।

### रोचक रहा दूसरा सेमीफाइनल

दूसरे सेमीफाइनल में वेस्ट जोन ने रुतुराज गायकवाड़ के शतक (184) की मदद से 438 रन बनाए। जवाब में सेंट्रल जोन ने 600 रन बनाते हुए बढ़त हासिल की। सेंट्रल जोन की ओर से शुभम शर्मा (96), कप्तान रजत पाटीदार (77), उपेंद्र यादव (87), हर्ष दुबे (75) और सारांश जैन (63*) ने अर्धशतक लगाए। इसके बाद वेस्ट जोन ने दूसरी पारी में जब 216/8 का स्कोर बनाया, तब मैच ड्रॉ रहा।

## विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप

# भारतीय महिला रिकर्व टीम कांस्य पदक प्लेऑफ में



एजेंसी ▶▶| ग्वांग्जू।

दीपिका कुमारी, गाथा खडके और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में पहुंच गई लेकिन पुरूष टीम पहले दौर से बाहर हो गई। कंपाउंड तीरंदाज भी दो पदकों से आगे नहीं बढ़ सके। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम सेमीफाइनल में जापान से 2-6 से हार गई।

### कांस्य पदक के लिए द. कोरिया से भिड़ंत

अब कांस्य पदक के लिये भारत का सामना दक्षिण कोरिया से होगा। भारतीय महिला टीम की नजरें 2015 के बाद विश्व चैम्पियनशिप में पहले पदक पर है। भारत ने अभी तक दो पदक जीते हैं और दोनों कंपाउंड वर्ग में मिले है। टीम क्वालीफिकेशन में भारत तीसरे स्थान पर रहकर सीधे दूसरे दौर में पहुंचा।

### अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

पुरूष टीम ने पहली बार स्वर्ण पदक जीता और ऋषभ यादव तथा ज्योति सुरेखा वेन्नम ने मिश्रित टीम में रजत पदक हासिल किया। रिकर्व में महिला टीम की अगुवाई कर रही चार बार की ओलंपियन दीपिका क्वालीफिकेशन में 677 अंक के साथ छठे स्थान पर रही। वहीं 14वीं वरीयता प्राप्त गाथा ने 666 और 30वीं वरीयता प्राप्त अंकिता ने 656 अंक बनाये। तीनों ने शानदार शुरूआत करते हुए दसवीं वरीयता प्राप्त स्लोवेनिया को 5-1 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने तुर्की को मात दी लेकिन सेमीफाइनल में जापान से हार गई।

### पुरुष रिकर्व टीम व अन्य का ऐसा रहा हाल

पुरूष रिकर्व टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसे पहले दौर में 24वीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क ने हराया। नौवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम में नीरज चौहान (670 अंक, 36वीं वरीयता), ओलंपियन धीरज बोम्मदेवरा (669, 39वीं) और राहुल (657, 62वीं) थे । शूटआफ तक चले मैच में भारतीय टीम 26-28 से हार गई। कंपाउंड वर्ग में ज्योति, परनीत कौर और प्रिथिका प्रदीप के व्यक्तिगत वर्ग में हारने के साथ ही भारतीय चुनौती खत्म हो गई। बीस वर्ष की परनीत कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में कोलंबिया की अलेजांद्रा से 144-145 से हारकर चौथे स्थान पर रही।

# निकहत-मीनाक्षी क्वार्टर फाइनल में, 4 भारतीय पुरुष मुक्केबाज हारे

एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

बार की चैंपियन निकहत जरीन ने मंगलवार को कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि पदार्पण कर रही मीनाक्षी ने आसान जीत के साथ अंतिम आठ में जगह बनाई। पेरिस ओलंपिक के बाद अपने पहले टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही ड्रॉ में गैर वरीयता प्राप्त निकहत ने महिलाओं के 51 किग्रा भार वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सर्वसम्मत फैसले में जीत हासिल की। हालांकि यह स्कोर 21 वर्षीय जापान की युना निशिनाका द्वारा दी गई कड़ी टक्कर को नहीं दर्शाता। पहले दौर में बाई हासिल करने वाली मीनाक्षी ने अपने अभियान की शुरुआत चीन की वांग क्यूपिंग के खिलाफ 48 किग्रा वर्ग में 5-0 की शानदार जीत के साथ की जो एक गैर ओलंपिक वर्ग है। निशिनाका



ने लगातार भारतीय मुक्केबाज को परेशान किया और जरूरत से ज्यादा पकड़ बनाए रखने के कारण उनके दो अंक काटे गए। दोनों मुक्केबाजों ने आक्रामक शुरुआत की और पूरे इरादे के साथ आगे बढ़ीं। निकहत ने शुरुआत में कुछ हुक लगाए लेकिन जापान की मुक्केबाज ने 3-2 से बढ़त बना ली। दूसरे राउंड में निकहत ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बेहतर मुक्के जड़े जबकि निशिनाका ने भारतीय मुक्केबाज की गर्दन में अपनी बांह डालकर उसे बांधे रखा।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी के साथ हांगकांग ओपन में आगे बढ़े जॉर्ज

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष जोड़ी ने मंगलवार को यहां हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया जबकि किरण जॉर्ज ने क्वालीफाइंग मुकाबला जीतकर पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई।

पेरिस विश्व चैंपियनशिप में हाल ही में अपना दूसरा कांस्य पदक जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी पहले दौर के अपने मुकाबले में चीनी ताइपे के चियू शियांग चिए और वांग ची-लिन को 21-13, 18-21, 21-10 से हराया।




### अब जापान व सिंगापुर से होगा मुकाबला

आठवीं वरीयता प्राप्त यह जोड़ी अब जापान के केनया मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा तथा थाईलैंड के पीरचाई सुखफुन और पक्कापोन टीरारत्सुकुल के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी। विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर काबिज किरण का अगला मुकाबला सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह से होगा।

## टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट : करीम ने 25 को भेजा पेवेलियन

# स्टंपिंग में माहिर धोनी ने किए सबसे ज्यादा 34 शिकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विकेटकीपर की भूमिका सिर्फ स्टंपिंग और कैच तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उनकी फुर्ती और तेजी मैच का रुख बदलने में अहम साबित होती है। कई दिग्गज विकेटकीपर अपने करियर में इतने शिकार कर चुके हैं कि उनके रिकॉर्ड तोड़ना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होगा। ऐसे में आइए उन विकेटकीपर पर एक नजर डालते हैं, जिन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा शिकार किए हैं।

### क्विंटन डिकॉक (102 शिकार)

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी क्विंटन डिकॉक के नाम टी-20 अंतरराष्ट्रीय में बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा शिकार का रिकॉर्ड है। एक दशक से अधिक लंबे करियर में उन्होंने विकेट के पीछे 102 शिकार किए हैं, जिसमें 84 कैच और 18 स्टंपिंग शामिल हैं। इस खिलाड़ी ने 92 मुकाबलों की 91 पारियों में ये शिकार किए हैं। डिकॉक एकमात्र विकेटकीपर हैं, जिन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 100 से ज्यादा शिकार किए हैं। डिकॉक 2012 से 2024 तक ये प्रारूप खेले।





### महेंद्र सिंह धोनी (91 शिकार)

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी सूची में दूसरे स्थान पर 90 से ज्यादा शिकार करने वाले एकमात्र भारतीय विकेटकीपर हैं। उन्होंने साल 2006 में अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह 2019 में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने अपने करियर में 91 शिकार किए थे, जिसमें 57 कैच और 34 स्टपिंग शामिल थे। धोनी के अपनी कप्तानी में भारतीय टीम को विश्व कप भी दिलाया था।

### इरफान करीम (87 शिकार)

इस सूची में तीसरे स्थान पर केन्या क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज इरफान करीम हैं। इस खिलाड़ी ने अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला साल 2013 में खेला था। उन्होंने अब तक 64 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। इसकी 57 पारियों में करीम ने 87 शिकार किए हैं। उन्होंने 62 कैच लपके हैं और 25 स्टपिंग की है। इस खिलाड़ी ने विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में 1,247 रन बनाए हैं।




भारत समेत इन देशों ने ओली सरकार के प्रति किसी तरह की सहानुभूति नहीं दिखाई गई। उल्टा इन देशों ने शांतिपूर्ण छात्र आंदोलन का समर्थन करने की तरफ संकेत दिया। घरेलू वजहों के साथ ही किसी भी प्रमुख देश की तरफ से समर्थन नहीं मिलने के बाद ओली सरकार के पास विकल्प सीमित हो गए थे

- नेपाल में लोकतंत्र होने के बजाए राजनीतिक स्थिरता दूर की कौड़ी
- बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व जातिगत असमानता से फैल गया असंतोष

नेपाल में गहराया असंतोष पीएम का इस्तीफा

# केपी ओली से सभी देशों ने बनाई दूरी भारत विरोधी और चीन समर्थक रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू हुए डेढ़ दशक से अधिक समय हो चुका है, लेकिन राजनीतिक स्थिरता दूर की कौड़ी बनी हुई है। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व जातिगत असमानता से फैले असंतोष से देश छात्र आंदोलन की चपेट में है। नेपाल में छात्रों व युवाओं के हिंसक आंदोलन जिसे जेन-जेड प्रोटेस्ट नाम दिया गया, उसके दूसरे दिन ही पीएम केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा है।



कूटनीतिक सूत्रों ने पिछले 12 घंटों के दौरान भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया ने जिस तरह की प्रतिक्रिया दी, उसने भी पीएम ओली पर दबाव बनाने में काफी अहम भूमिका निभाई है। भारत समेत इन देशों ने ओली सरकार के प्रति किसी तरह की सहानुभूति नहीं दिखाई गई। उल्टा इन देशों ने शांतिपूर्ण छात्र आंदोलन का समर्थन करने की तरफ संकेत दिया।

जानकारों की मानें तो घरेलू वजहों के साथ ही किसी भी प्रमुख देश की तरफ से समर्थन नहीं मिलने के बाद ओली सरकार के पास विकल्प सीमित हो गए थे।

## मौलिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करें

*आस्ट्रेलिया, फिनलैंड, फ्रांस, जापान, कोरिया गणराज्य, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका के नेपाल में स्थित दूतावासों की तरफ से जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि हम काठमांडू और नेपाल के अन्य क्षेत्रों में देखी गई हिंसा से गहरा दुखी हैं, जिसमें प्रदर्शनों के दौरान हुई जान की दुखद हानि और चोटें शामिल हैं। हम पीड़ितों के परिवारों, सभी प्रभावित लोगों और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हुए अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हमारी सरकारें शांतिपूर्ण सभा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सार्वभौमिक अधिकारों के प्रति अपनी दृढ़ समर्थन को पुनः दोहराती हैं।*

### चीन के साथ किया ट्रांजिट समझौता

*दरअसल, ओली कुल मिला कर तीन बार नेपाल के पीएम बने लेकिन भारत के साथ वह कभी भी विश्वसनीय द्विपक्षीय संबंध स्थापित नहीं कर पाए। पहली बार वह 11 अक्टूबर, 2015 को नेपाल के पीएम का कार्यभार संभाला था। तब उनकी छवि पूरी तरह से भारत विरोधी और चीन के समर्थन वाली थी। अपने पहले कार्यकाल (2015-2016) में ओली ने चीन के साथ एक ट्रांजिट और परिवहन समझौता किया। इससे भारत का नेपाल के विदेशी व्यापार पर एकाधिकार समाप्त हो गया। यह कदम भारत की पारंपरिक भूमिका को कमजोर करने के लिए देखा गया, क्योंकि नेपाल भौगोलिक रूप से भारत पर निर्भर रहा है।*

### महंगाई और घोटालों से जनता में आक्रोश

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रैंकिंग में नेपाल लगातार दक्षिण एशिया के सबसे भ्रष्ट देशों में गिना जाता है। नेता, अफसर, बिचौलिए और मुनाफाखोर मालामाल हैं। जनता का गुस्सा बार-बार इस बात पर फूटा कि लोकतंत्र ने अभिव्यक्ति का मंच तो दिया, पर भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाया गया। यही वजह है कि हाल में महंगाई, ईंधन संकट और घोटालों के खिलाफ छात्र संगठनों और नागरिक समूहों ने देशव्यापी प्रदर्शन किए।

### रोजगार सृजन की गति धीमी

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और विश्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि नेपाल की बेरोजगारी दर 2024 में लगभग 11-12% है। लेकिन अनौपचारिक श्रम और मौसमी कामकाज के चलते वास्तविक स्थिति कहीं अधिक गंभीर है। लोकतंत्र आने के बाद शिक्षा का प्रसार हुआ, मगर रोजगार सृजन की गति धीमी रही। परिणामस्वरूप लाखों युवाओं को खाड़ी देशों, मलेशिया और भारत की ओर पलायन करना पड़ा।

जयशंकर ने दिखाया आईना तो बौखला गए ट्रंप के व्यापार सलाहकार नवारो

# वे 'वैम्पायर', हमारा खून चूस रहे अर्थव्यवस्था को पहुंचा रहे नुकसान

इनमें पहले से ही आपसी तनाव



पीटर नवारो ने एक इंटरव्यू में कहा कि ब्रिक्स देशों का अस्तित्व तभी तक है जब तक वे अमेरिका को सामान बेचते हैं। उन्होंने कहा कि इन देशों में से कोई भी अमेरिका को अपने उत्पाद बेचे बिना जीवित नहीं रह सकता

ब्रिक्स देश आपस में ही लड़ते-भिड़ते रहते हैं | इन देशों ने अनुचित व्यापार नीतियां अपनाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिक्स के मंच से विदेश मंत्री जयशंकर द्वारा अमेरिका को दिए गए निष्पक्ष और पारदर्शी व्यापार व्यवस्था को बनाए रखने के साफ संदेश के बाद भी उसकी अक्ल ठिकाने पर नहीं आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने ब्रिक्स देशों पर निशाना साधते हुए उन्हें 'वैम्पायर' यानी खून चूसने वाले करार दिया। उनका आरोप है कि ये देश अनुचित व्यापारिक नीतियों के जरिए अमेरिका की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पीटर नवारो ने एक इंटरव्यू में कहा कि ब्रिक्स देशों का अस्तित्व तभी तक है जब तक वे अमेरिका को सामान बेचते हैं। पीटर नवारो की यह टिप्पणी उस समय आई है जब ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रिक्स की वर्चुअल बैठक हुई। नवारो ने तंज कसते हुए कहा कि अब देखना होगा कि ये गठबंधन कितने दिन चलता है।

### भारत को फिर दी चेतावनी

*नवारो ने चेतावनी दी कि भारत को किसी न किसी समय अमेरिका के साथ व्यापार वार्ताओं पर 'सहमत होना ही पड़ेगा'। अगर ऐसा नहीं होता है, तो नई दिल्ली रूस और चीन के साथ खड़ी नजर आएगी और यह भारत के लिए 'अच्छा' नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस बात से आहत हुई है कि उन्होंने भारत को शुल्क (टैरिफ) का 'महाराजा' कहा था। लेकिन यह बिल्कुल सच है। अमेरिका के खिलाफ दुनिया के किसी भी बड़े देश में सबसे ऊंचे शुल्क भारत ही लगाता है। हमें इससे निपटना होगा।*

### ये देश एक दूसरे से नफरत करते

नवारो ने दावा किया कि ब्रिक्स देशों के बीच आपसी अविश्वास और तनाव है। इतिहास गवाह है कि ये देश एक-दूसरे से नफरत करते हैं और लड़ते-भिड़ते रहते हैं। नवारो ने उदाहरण देते हुए कहा कि रूस और चीन के बीच भरोसा नहीं है। चीन, रूस के व्लादिवोस्तोक पोर्ट पर अपना दावा करता है और अवैध आव्रजन के जरिए साइबेरिया में अपनी पकड़ बढ़ा रहा है। भारत और चीन के बीच दशकों से सीमा विवाद और तनाव है। चीन ने पाकिस्तान को परमाणु हथियार दिए, जिससे भारत की सुरक्षा चिंताएं और बढ़ीं।

### ब्राजील के राष्ट्रपति पर कसा तंज

*ब्राजील को लेकर नवारो ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की समाजवादी नीतियों के कारण गर्त में जा रही है, जबकि वे उस देश के असली नेता को जेल में रखे हुए हैं। उनका इशारा पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो की ओर था, जो फिलहाल नजरबंद हैं और 2022 के राष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद कथित तख्तापलट की साजिश रचने के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहे हैं।*

### ब्रिक्स में 11 देश शामिल

*ब्रिक्स में मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे, लेकिन इसका 2024 में विस्तार करके इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात को शामिल किया गया तथा 2025 में इंडोनेशिया भी इसमें शामिल हो गया। वर्तमान में ब्रिक्स में 11 देश शामिल हैं- ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, मिस्र, यूएई, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान। यह समूह मुख्य रूप से ग्लोबल साउथ देशों के बीच राजनीतिक और आर्थिक समन्वय का मंच है।*

कुलगाम के गुडर वन में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी

# पहलगाम हमले के बाद चिन्हित 14 स्थानीय आतंकियों में से एक और ढेर, अब 6 बचे

एजेंसी ▶▶ जम्मू

कुलगाम के गुडर वन क्षेत्र में 12 घंटे से अधिक चली मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकियों में एक दरमडोरा शोपियां का आमिर अहमद डार है। इसका नाम पहलगाम हमले के बाद जारी की गई 14 स्थानीय आतंकियों की सूची में शामिल था।


आमिर रहमान

वे घाटी में सक्रिय थे और पाकिस्तानी आतंकवादियों के साथ आतंक फैला रहा था। अब सूची में शामिल 8 आतंकी ढेर हुए चुके हैं। एक पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आमिर 'सी केटेगरी' का आतंकी था। आमिर लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था।

30 सितंबर, 2023 में आतंकी बना था। मारा गया दूसरा लश्कर आतंकी रहमान भाई पाकिस्तानी है। वह काफी समय से पीर पंजाल में सक्रिय था।

### बचे आतंकियों की तलाश जारी

अब 6 बचे आतंकियों की तलाश जारी है। उनमें हिजबुल और लश्कर के 3-3 आतंकी हैं। हिजबुल का ए+ कैटेगरी का चीफ ऑपरेशनल कमांडर जुबैर अहमद वानी उर्फ अबू उबैदा, लश्कर का ए+ कैटेगरी का डिस्ट्रिक्ट कमांडर सोपोर आदिल रेहमान, हिजबुल का ए+ कैटेगरी का आसिफ अहमद, लश्कर का सी कैटेगरी का नसीर अहमद, हिजबुल का हारुन रशीद, लश्कर का जाकिर अहमद शामिल हैं।

### 8 आतंकी मारे जा चुके

बता दें, पहलगाम हमले के बाद खुफिया एजेंसियों ने केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय 14 स्थानीय आतंकियों की सूची तैयार की थी। पहचाने गए ये आतंकी पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं। अब तक सूची में शामिल 8 आतंकियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है।

सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी बोले

# भारत के संदर्भ में जमीन पर मजबूती ही सदैव 'जीत' की कुंजी बनी रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को किसी भी युद्धक्षेत्र में थल सेना की प्रधानता पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत के संदर्भ में जमीन पर मजबूत पकड़ सदैव जीत की कुंजी रहेगी। यहां एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में उन्होंने किसी भी युद्ध में थल सेना के महत्व पर ज़ोर दिया और पिछले महीने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच यूक्रेन संघर्ष पर हुई शिखर वार्ता का ज़िक्र किया।



द्विवेदी ने कहा कि जब आप दोनों राष्ट्रपतियों के बीच हुए अलास्का सम्मेलन पर गौर करते हैं, तो उन्होंने सिर्फ इस बात पर चर्चा की थी कि कितनी ज़मीन का आदान-प्रदान करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत में, चूंकि हमारे सामने ढाई मोर्चों पर खतरा है, इसलिए जमीन पर मजबूती ही जीत की कुंजी बनी रहेगी। सेना प्रमुख की यह टिप्पणी एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के उस बयान के दो सप्ताह बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर वायु सेना की शक्ति की 'प्रधानता' स्थापित कर दी है।

ई-मेल भेजने वाले ने पाक नारे लगाए

# पटना के तख्त श्री हरिमंदिर साहिब को बम से उड़ाने की फिर धमकी

एजेंसी ▶▶ पटना

पटना के तख्त श्री हरिमंदिर साहिब गुरुद्वारा को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ई-मेल के जरिए बदमाशों गुरुद्वारा प्रबंधन को धमकी भेजी। इसमें लिखा था कि गुरु लंगर कक्षों में आईईडी लगे हुए हैं। जल्द ही विस्फोट होने वाला है।

इस सूचना के बाद गुरुद्वारे में हड़कंप मच गया। फौरन पटना पुलिस की टीम बम निरोधक दस्ते के साथ पहुंची और जांच में जुट गई। टीम ने गुरुद्वारे के चप्पे-चप्पे को खंगाला लेकिन बम या कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।



इसके बाद पटना पुलिस टीम हाई अलर्ट पर है। धमकी देने वाले ने मेल में खुद को 'वनियार पुंडई रामदास' बताते हुए कई सनसनीखेज बातें लिखी हैं। मेल में कहा गया है कि आईईडी विस्फोट से पहले तुरंत गुरुद्वारा के सभी कर्मचारियों और श्रद्धालुओं को बाहर निकाल लिया जाए।

दिल्ली और भोपाल में 10 जगहों पर मारे छापे

# 273 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी के मामले में ईडी ने कसा 'शिकंजा'

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के कर्ज में गबन किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/भोपाल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कथित 273 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में दिल्ली और मध्य प्रदेश में दस स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने दिल्ली में नौ और मध्य प्रदेश के भोपाल में एक स्थान पर तलाशी ली। तलाशी अभियान में शामिल परिसर कंपनी से निकटता से जुड़ी संस्थाओं और व्यक्तियों के हैं। ईडी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी के




आधार पर एक प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की, जो बैंक द्वारा की गई शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी। अधिकारियों ने कहा कि कंपनी और उसके प्रवर्तकों व निदेशकों ने आईएफसीआई (भारतीय औद्योगिक वित्त निगम) द्वारा दिए गए लगभग 273 करोड़ रुपए के ऋण और धन का गबन किया।

### अदालत ने ईडी से कुछ स्पष्टीकरण मांगे

अदालत ने मामले की सुनवाई 16 सितंबर के लिए निर्धारित की है ताकि प्रस्तावित आरोपियों के वकीलों द्वारा प्रस्तुतियां, यदि कोई हों, सुनी जा सकें। इसके बाद, अदालत संज्ञान आदेश के लिए एक तिथि निर्धारित करेगी। ईडी के वकील ने इसकी पुष्टि की। गुरुवार को अदालत ने बंद कमरे में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की प्रस्तुतियां सुनने के बाद ईडी को दस्तावेज दाखिल करने का समय दिया। अदालत ने ईडी से कुछ स्पष्टीकरण मांगे हैं।

### भारत-ईरान के बीच हुआ राजनीतिक संवाद

नई दिल्ली(ब्यूरो)। पश्चिम-एशिया में इजरायल और हमास के मध्य जारी तनाव के बीच भारत- ईरान वार्षिक द्विपक्षीय राजनीतिक संवाद संपन्न हुआ। जिसमें दोनों देशों ने भविष्य में साझा हितों के मद्देनजर अपने संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया है। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत की तरफ से इस संवाद की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश ने की। जबकि ईरान के दक्षिण एशिया डिवीजन के महानिदेशक मोहम्मद रेजा बेहरामी ने बातचीत में अपने देश का नेतृत्व किया। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि बीते 8 सितंबर को तेहरान में दोनों पक्षों के बीच बातचीत की यह प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की गई।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25